मंगलवार, 11 मार्च 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 35 – 23 |
| आर्द्रता | 52% |
| सूर्योदय: 5:50 | सूर्यास्त: 17:44 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, फाल्गुन शुक्लपक्ष द्वादशी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : बड़ी चालाक होती है जिन्दगी हमारी हर रोज नया कल देकर उम्र छिनती रहती है।



केंद्रीय विद्यालयों में दाखिले के लिए सांसद कोटा फिर शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं : प्रधान -पृष्ठ 7







## भारत में एमएसएमई विनिर्माण उद्योगों में बंगाल शीर्ष पर : ममता



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विनिर्माण उद्योगों की सूची में राज्य शीर्ष स्थान पर है और पूरे देश में महिलाओं द्वारा संचालित प्रतिष्ठानों का भी राज्य में सबसे अधिक प्रतिशत है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा आयोजित 'असंगठित क्षेत्र उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण' के हाल ही में प्रकाशित निष्कर्षों का हवाला देते हुए ममता ने कई क्षेत्रों में बंगाल के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रकाश डाला। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भारत सरकार के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा आयोजित 'असंगठित क्षेत्र उद्यमों के वार्षिक सर्वेक्षण' के हाल ही में प्रकाशित निष्कर्षों ने एक बार फिर एमएसएमई विनिर्माण उद्योगों में बंगाल के शीर्ष स्थान को स्थापित किया है और साथ ही हमारी महिलाओं ने वहां शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में महिलाओं द्वारा संचालित प्रतिष्ठानों का सबसे अधिक प्रतिशत पश्चिम बंगाल में दर्ज किया गया है जो 36.4 प्रतिशत है। ममता ने कहा कि 'विनिर्माण उद्यमों' में लगे श्रमिकों के मामले में राज्य सबसे अग्रिम पंक्ति में उभर कर सामने आ रहा है, जिसका योगदान 13.81 प्रतिशत है। उन्होंने लिखा कि पूरे भारत के स्तर पर पश्चिम बंगाल में 'विनिर्माण' उद्यमों (16.02 प्रतिशत) और 'अन्य सेवा' उद्यमों (13.09 प्रतिशत) का प्रतिशत सबसे अधिक है। भारत में महिला-प्रधान प्रतिष्ठानों का प्रतिशत (36.4 प्रतिशत) सबसे अधिक इसी राज्य में है।

## भवानीपुर में काम देने के बहाने होटल के कमरे में युवती के साथ दुष्कर्म

■ **आरोपी गिरफ्तार**

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कोलकाता के भवानीपुर क्षेत्र में नौकरी दिलाने के बहाने एक व्यक्ति ने युवती के साथ दुष्कर्म किया। पीड़ित युवती के शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी का नाम कीर्ति मेहता (59) है। आरोपी के साथ कुछ दिनों पहले ही युवती की पहचान हुई थी। युवती को एक काम की बहुत जरूरत थी। उसने यह बात कीर्ती मेहता को बताई थी। इसके बाद, 7 तारीख को काम दिलाने का झांसा देकर युवती को भवानीपुर के एक होटल के कमरे में ले गया और उसका साथ दुष्कर्म किया। सिर्फ यहीं नहीं इस घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी भी दी। इसके बाद, भवानीपुर थाने में उस युवती ने लिखित शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर जांच करते हुए रविवार रात को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार व्यक्ति को सोमवार को अदालत में पेश किया गया। बताया जा रहा है कि युवती दिल्ली की निवासी है। कोलकाता में वह एक बार में काम करती है। हाल ही में वह काम की तलाश कर रही थी। सियालदह अदालत में उस युवती का गुप्त बयान लिया गया है, ऐसी खबर है। इस मामले की जांच जारी है।

## अप्रैल-जनवरी के दौरान केंद्रीय जीएसटी अधिकारियों ने 1.95 लाख करोड़ रुपये की कर चोरी पकड़ी

**नयी दिल्ली :** सरकार ने सोमवार को लोकसभा में बताया कि केंद्रीय माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिकारियों ने चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जनवरी अवधि में 25,397 मामलों में 1.95 लाख करोड़ रुपये की कर चोरी का पता लगाया। सरकार द्वारा लोकसभा में साझा किये गए आंकड़ों के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में केंद्र के अधिकारियों द्वारा पकड़ी गई जीएसटी चोरी के मामलों की कुल संख्या 86,711 है और कुल 6.79 लाख करोड़ रुपये से अधिक की जीएसटी चोरी का पता लगाया गया। चालू वित्त वर्ष (जनवरी 2025 तक) में कर चोरी के कुल 25,397 मामले सामने आए, जिनमें कुल 1,94,938 करोड़ रुपये की कर चोरी किये जाने का पता चला। उक्त अवधि में, कर चोरी मामलों में 21,520 करोड़ रुपये स्वैच्छिक रूप से जमा किया गया। चालू वित्त वर्ष में आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) धोखाधड़ी के कुल 13,018 मामले सामने आए, जिनमें 46,472 करोड़ रुपये की राशि शामिल है। वहीं, 2,211 करोड़ रुपये स्वैच्छिक रूप से जमा किये गए। जीएसटी जांच शाखा के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में 2.30 लाख करोड़ रुपये के कर चोरी के 20,582 मामले सामने आए। वर्ष 2022-23 में 1.32 लाख करोड़ रुपये, 2021-22 में 73,238 करोड़ रुपये और 2020-21 में 49,384 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी के मामले सामने आए थे।

## बंगाल विधानसभा में बजट प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान हंगामा

**भाजपा विधायक का माइक बंद करने का आरोप**

■ **स्पीकर के निर्देश पर दो भाजपा विधायकों को मार्शल ने सदन से बाहर निकाला**

■ **असंसदीय आचरण करने के आरोप में भाजपा विधायक दीपक बर्मन निलंबित**

■ **विरोध में भाजपा विधायकों ने सदन से किया वाकआउट**



**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल विधानसभा में सोमवार को उस समय अफरातफरी मच गई, जब विपक्षी भाजपा के विधायकों ने अपने एक सदस्य का माइक बंद करने के विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) बिमान बनर्जी के फैसले के खिलाफ सदन में जमकर विरोध प्रदर्शन व हंगामा किया। इसके बाद, विधानसभा अध्यक्ष ने सदन के अंदर कागज फाड़कर फेंकने और असंसदीय आचरण करने के आरोप में उत्तर बंगाल के फालाकाटा से भाजपा विधायक दीपक बर्मन को शेष बजट सत्र के लिए निलंबित कर दिया और मार्शल को भाजपा के दो अन्य विधायकों शंकर घोष और मनोज उरांव को सदन से बाहर करने का निर्देश दिया। अध्यक्ष के आदेश पर मार्शल ने दोनों विधायकों को सदन से बाहर कर दिया। इस कार्रवाई के विरोध में नाराज भाजपा विधायकों ने जमकर नारेबाजी करते हुए सदन से वाकआउट किया और विधानसभा अध्यक्ष पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया। यह घटनाक्रम उस समय हुआ जब बजट सत्र के दूसरे चरण के पहले दिन दूसरे हाफ में अनुपूरक बजट प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान भाजपा विधायक हिरणमय चटर्जी ने सवाल उठाया कि राज्य लोक सेवा आयोग को अपनी जिम्मदारियां निभाने से क्यों रोका जा रहा है। उन्होंने आयोग के 10 साल के काम पर सवाल उठाते हुए गंभीर आरोप लगाए। विधानसभा अध्यक्ष ने अपने अधिकार याद दिलाते हुए भाजपा विधायक के भाषण को सीमित करने की कोशिश की, लेकिन चटर्जी ने बोलना जारी रखा। इसके बाद, विमान बनर्जी ने उनका माइक बंद कर दिया जिससे भाजपा विधायक आक्रोशित हो गए और उन्होंने इसे विपक्ष की आवाज दबाने की साजिश बताया। माइक बंद करने के विरोध में विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक शंकर घोष और विधायक मनोज उरांव ने सदन में नारेबाजी शुरू कर दी। विधानसभा अध्यक्ष की बार-बार चेतावनी के बावजूद जब हंगामा नहीं रुका तो मार्शल को बुलाकर दोनों विधायकों को बाहर भेज दिया। इस कार्रवाई के बाद भाजपा विधायकों ने बर्हिगमन कर दिया और असंतोष जाहिर करते हुए कागज फाड़कर फेंक दिए। विधानसभा के बाहर भी भाजपा विधायकों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा विधायक मनोज उरांव ने कहा कि जिस प्रकार से मुझे और शंकर घोष को धक्के देकर मार्शल ने सदन से बाहर निकाला, यह अध्यक्ष की मनमानी का प्रमाण है।

### शुभेंदु ने अध्यक्ष के फैसले की निंदा की

बाद में, नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने विधानसभा अध्यक्ष के फैसले की निंदा करते हुए इसे गुंडागर्दी करार दिया और आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष ममता बनर्जी के कैडर हैं। उनका भाजपा विधायकों के प्रति पूर्वाग्रह है। शुभेंदु ने यह भी कहा कि जिन विधायकों को मार्शल ने बाहर निकाला, यह राजवंशी समाज का अपमान है और इसका बदला जनता लेगी।

### तृणमूल ने अध्यक्ष के फैसले को सही ठहराया

हालांकि, तृणमूल विधायकों ने विधानसभा अध्यक्ष के फैसले का बचाव किया और कहा कि भाजपा विधानसभा की कार्यवाही बाधित करने की कोशिश कर रही थी। उन्होंने कहा कि सदन में अनुशासन बनाए रखने के लिए कार्रवाई आवश्यक थी।

## 400 करोड़ रुपये के 'अवैध' विदेशी धन प्रेषण मामले में ईडी की छापेमारी

**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि उसने सोने, हीरे और कीमती रत्नों के फर्जी आयात के बदले करीब 400 करोड़ रुपये के कथित अवैध विदेशी धन प्रेषण से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में राजस्थान, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में छापेमारी की है। ये छापे सात मार्च को मारे गए। संघीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि धन शोधन का मामला जयपुर स्थित एक निर्दिष्ट अदालत के समक्ष सीमा शुल्क विभाग द्वारा दायर आरोपपत्र से उत्पन्न हुआ है। इसमें कहा गया है कि धन शोधन रोधी अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत राजस्थान के जयपुर, अजमेर और उदयपुर के अलावा नोएडा (उत्तर प्रदेश) और मुंबई (महाराष्ट्र) में सोलह स्थानों पर छामेमारी की गई। सीमा शुल्क विभाग ने पाया कि ''लगभग 400 करोड़ रुपये की धनराशि कई फर्जी कंपनियों के माध्यम से बेलस्टार टेक्नो सॉल्यूशन (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड और विजुअल बर्ड टेक्नोलॉजी के विभिन्न बैंक खातों के माध्यम से हांगकांग और संयुक्त अरब अमीरात स्थित विभिन्न विदेशी संस्थाओं को भेजी गई।'' ईडी के अनुसार, ''यह उन सेवाओं के आयात की आड़ में किया गया था जो कभी प्राप्त नहीं हुईं। हालांकि, सोने, हीरे और कीमती रत्नों के अवैध आयात के बदले धन भारत के बाहर भेजा गया।'' एजेंसी ने छापेमारी के दौरान 10 लाख रुपये नकद, ''अपराध साबित करने वाले'' रिकॉर्ड और डिजिटल उपकरण जब्त किए।

## विदेश मंत्री जयशंकर की ब्रिटेन की यात्रा संपन्न, साझेदारी को 'नयी गति' मिलने की उम्मीद

**लंदन :** विदेश मंत्री एस. जयशंकर का ब्रिटेन दौरा रविवार को संपन्न हुआ और इस दौरान दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों की पुष्टि हुई तथा व्यापक रणनीतिक साझेदारी को नयी गति देने की दिशा में काम हुआ। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में सोमवार को यह जानकारी दी। ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी की मेजबानी में टोटेनहम हॉटस्पर स्टेडियम के दौरे के साथ जयशंकर ने अपनी यात्रा का समापन किया। ब्रिटेन और आयरलैंड के लगभग एक सप्ताह के दौरे के अंतिम दिन रविवार को विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि गुड मैच इन ग्रेट कंपनी (शानदार लोगों के साथ अच्छा मैच देखा)। वह स्टेडियम में टोटेनहम बनाम बोर्नमाउथ फुटबॉल मुकाबले के लिए लैमी के साथ स्टेडियम गए थे। बयान में जयशंकर की कई उच्च-स्तरीय बैठकों का संक्षिप्त ब्योरा दिया गया है, जिसमें चेवनिंग हाउस में लैमी के साथ ''व्यापक'' वार्ता, ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर, उप प्रधानमंत्री एंजेला रेनर, व्यापार मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स और गृह मंत्री यवेट कूपर के साथ चर्चा शामिल हैं।

## रुपया 36 पैसे टूटकर 87.31 प्रति डॉलर पर बंद

**मुंबई :** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया सोमवार को 36 पैसे लुढ़क कर 87.31 प्रति डॉलर (अस्थायी) पर बंद हुआ। दुनिया भर में शुल्क को लेकर अनिश्चितताओं और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने के बीच कच्चे तेल की अस्थिर कीमतों के कारण रुपये की विनिमय दर में गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि कमजोर अमेरिकी मुद्रा रुपये का समर्थन करने में विफल रही क्योंकि स्थानीय शेयर बाजार में बिकवाली से कारोबारी धारणा प्रभावित हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.24 प्रति डॉलर पर कमजोर खुला और तेज उतार-चढ़ाव के बीच दिन के निचले स्तर 87.36 प्रति डॉलर को पहुंच गया गया। कारोबार के दौरान 87.16 प्रति डॉलर के उच्चस्तर को छूने के बाद अंत में यह 36 पैसे टूटकर 87.31 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।

## पूरे देश में उठ रहे हैं मतदाता सूची पर सवाल, संसद में चर्चा हो: राहुल

**नयी दिल्ली :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने विभिन्न राज्यों में मतदाता सूचियों में कथित गड़बड़ी का मुद्दा सदन में उठाया और इस पर सदन में चर्चा की मांग की। सदन में शून्यकाल के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र और कुछ अन्य राज्यों में मतदाता सूचियों को लेकर सवाल उठे हैं। उन्होंने कहा, ''मैं इस बात से सहमत हूं कि मतदाता सूची सरकार नहीं बनाती, लेकिन पूरे देश में मतदाता सूची को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।'' राहुल गांधी ने कहा, ''पूरा विपक्ष यह मांग कर रहा है कि मतदाता सूची पर चर्चा हो जाए।'' बाद में राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''पूरा विपक्ष संसद में मतदाता सूची पर विस्तृत चर्चा की मांग कर रहा है। महाराष्ट्र की मतदाता सूची में गड़बड़ियों को लेकर मेरे संवाददाता सम्मेलन को एक महीने से अधिक हो गया है। मगर पारदर्शिता को लेकर निर्वाचन आयोग से हमने जो मांगें की थीं, वो अब तक पूरी नहीं की गई हैं। सवाल आज भी वैसे ही बने हुए हैं।'' उन्होंने कहा, ''अब मतदाता सूची में नामों के दोहराव के नए सबूत सामने आए हैं, जिससे और भी नए और गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोकतंत्र और संविधान के मूल्यों की रक्षा के लिए यह चर्चा बहुत ज़रूरी है।'' कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''हर चुनाव में जिस तरह मतदाता सूची की धांधली की खबरें सामने आती हैं, वह हमारे लोकतंत्र के लिए बहुत खतरनाक है। संसद में पूरा विपक्ष चाहता है कि मतदाता सूची पर विस्तृत चर्चा हो।

**विकसित भारत के लिए करनी होगी तीन गुना मेहनत : रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव** (पृष्ठ 7)

## यूएपीए की कठोरता को चुनौती : दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र से जवाब मांगा

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 के कुछ प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर केंद्र को जवाब देने का सोमवार को निर्देश दिया। मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने कहा, ''भारत संघ की ओर से हलफनामा/जवाब दाखिल किया जाए।'' अदालत ने मामले को मई में आगे की सुनवाई के लिए स्थगित कर दिया है। अदालत यूएपीए के उस प्रावधान के खिलाफ 'फाउंडेशन फॉर मीडिया प्रोफेशनल्स' की याचिका के अलावा उच्चतम न्यायालय से स्थानांतरित याचिकाओं पर विचार कर रही है, जो गैरकानूनी घोषित किए गए संगठनों की सदस्यता को आपराधिक बनाता है। शीर्ष अदालत ने सजल अवस्थी, 'एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स' (एपीसीआर) और अमिताभ पांडे की याचिकाओं को उच्च न्यायालय में भेज दिया था। इन याचिकाओं में यूएपीए प्रावधानों में संशोधन को चुनौती दी गई है, जो सरकार को व्यक्तियों को आतंकवादी घोषित करने और संपत्तियों को जब्त करने का अधिकार देते हैं। याचिकाओं में आतंकवाद विरोधी कानून के तहत गिरफ्तारी और जमानत प्रतिबंधों के प्रावधानों को भी चुनौती दी गई है। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा ने सदस्यता को आपराधिक बनाने संबंधी यूएपीए की धारा 10 को 'फाउंडेशन फॉर मीडिया प्रोफेशनल्स' द्वारा चुनौती दिए जाने पर आपत्ति जताते हुए केंद्र के रुख को रिकॉर्ड में दर्ज कराने का आश्वासन दिया। एएसजी शर्मा ने फाउंडेशन के अधिकार क्षेत्र पर सवाल उठाते हुए कहा कि शीर्ष अदालत ने इस मुद्दे का निपटारा किया और ''इसे आखिरकार दफना दिया।'' शर्मा ने कहा कि फाउंडेशन से जुड़े लोगों की व्यक्तिगत शिकायतें हैं। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय में मामले के लंबित रहने का अन्य अदालतों में कानून के तहत आपराधिक कार्यवाही पर कोई असर नहीं होना चाहिए। फाउंडेशन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार ने कहा कि यूएपीए के तहत कई पत्रकार जेल में हैं और उच्चतम न्यायालय द्वारा स्थानांतरित किए गए मामले भी अब उच्च न्यायालय के समक्ष हैं।

## छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर ईडी की रेड

**मिला 30 लाख कैश**

■ **बेटे चैंतन्य से होगी पूछताछ**



घर से बाहर निकलते ही ईडी के अधिकारियों पर समर्थकों ने फेंके ईंट-पत्थर

**छत्तीसगढ़ :** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की रेड खत्म हो चुकी है। ईडी के अधिकारी भूपेश बघेल के निवास से बाहर निकल चुके हैं। ईडी की तरफ से भूपेश बघेल के बेटे को मंगलवार के दिन पूछताछ के लिए बुलाया गया है। ईडी के अधिकारी जैसे ही भूपेश बघेल के घर से बाहर निकले वैसे ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के जवानों के बीच जमकर झूमाझटकी हुई।

पुलिस के जवानों ने मुश्किल से ईडी के अधिकारियों को भूपेश बघेल के घर से रवाना किया। इस दौरान ईडी की गाड़ी पर पत्थर भी फेंका गया। ईडी ने कथित शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छत्तीसगढ़ में 14 जगहों पर छापेमारी की है। ईडी को छापेमारी के दौरान 30 लाख रुपये कैश, पेन ड्राइव और कुछ दस्तावेज मिले हैं, जिनकी जांच की जा रही है। ईडी के डिप्टी डॉयरेक्टर लेवल के अधिकारी की गाड़ी पर भी हमला हुआ है। फिलहाल ईडी इस बाबत कानूनी कार्रवाई कर रही है।



## हेडफोन-गेमिंग से सुनने की क्षमता बाधित

यह आशंका अकसर जतायी जाती रही है कि लगातार कानों पर मोबाइल व ईयरफोन लगाने का बच्चों की श्रवण शक्ति पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। अब हाल में हुए अध्ययन ने इसकी पुष्टि की है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय भी इस खतरे की पुष्टि कर रहे हैं। इसीलिए अभिभावकों को चेताया गया है कि बहुत अधिक स्क्रीन टाइम और गैजेट्स की तेज ध्वनि से बच्चों की रक्षा करें। दरअसल, डब्ल्यूएचओ की दक्षिण पूर्व एशिया की निदेशक साइमा वाजेद ने कहा है कि दुनिया में 1.40 अरब लोग इस संकट से प्रभावित हुए हैं। जिसमें 40 करोड़ लोग दक्षिण पूर्व एशिया में बधिरता से ग्रस्त हो रहे हैं। एक अध्ययन के अनुसार वर्ष 2050 तक 1.6 अरब लोग बधिरता से प्रभावित हो सकते हैं। जिनमें अधिकांश लोग मध्यम व कम आय वर्ग के होंगे। यूं तो साठ साल के बाद सुनने की क्षमता प्राकृतिक रूप से कम हो जाती है, लेकिन हाल के वर्षों में लगातार कानों में ईयरफोन आदि लगाने से यह संकट बच्चों में बढ़ता जा रहा है। खासकर वे बच्चे जो लगातार लेपटॉप व मोबाइल पर गेमिंग व अन्य कार्यक्रम तेज आवाज में घंटों सुनते रहते हैं। पहले कम सुनने की समस्या दिखायी देती है और कालांतर समस्या बहरेपन में तब्दील हो जाती है। दरअसल, कानों पर तकनीकी शोर का इतना अधिक दबाव बढ़ गया है कि बच्चे अपनी सुनने की प्राकृतिक क्षमता खोने लगे हैं। जो एक आसन्न गंभीर संकट को ही दर्शाता है।

दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि आज मोबाइल फोन एक आवश्यक बुराई बन चुका है। आज नई पीढ़ी इस संबंध में मां-बाप की नसीहत पर ध्यान कम ही देती है। ऐसे में स्कूल-कालेजों में शिक्षकों व सामाजिक अभियानों से जुड़े लोगों को जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। विभिन्न सूचना माध्यमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों से बच्चों को जागरूक करने के लिये मुहिम चलाने का कुछ लाभ जरूर मिल सकता है। प्रयास किया जाए कि न टाले जा सकने वाले कार्यक्रमों को कम आवाज के साथ सुना जाए। लेकिन विडंबना यह है कि हरदम कानों पर मोबाइल व ईयरफोन तथा बड्स आदि लगाना स्टेटस सिंबल बन गया। व्यक्ति खुद व्यस्त होने का दिखावा करता रहता है। विडंबना यह है कि जीवनशैली में आए बदलावों तथा शिक्षा कार्यों के लिये ऑनलाइन रहने की दलील देकर बच्चे भी मोबाइल-लेपटॉप आदि से चिपके रहने का बहाना ढूंढ ही लेते हैं। तेज आवाज का संगीत व कंसर्ट बच्चों को लुभाते हैं। ऐसे में अभिभावक बच्चों को इस संकट की भयावहता से अवगत कराएं तथा समय-समय पर उनके कानों का चेकअप कराते रहें। कोशिश हो रचनात्मक तरीके से उनकी इस आदत को बदलने का प्रयास किया जाए। वैसे भी महानगरों व भीड़भाड़ वाले इलाकों में ध्वनि प्रदूषण लगातार बढ़ता जा रहा है। जिसके खतरों को लेकर समाज में जागरूकता के प्रचार-प्रसार की सख्त जरूरत होती है। बच्चों को लेकर अभिभावकों व शिक्षकों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है, क्योंकि उनके लंबे जीवन पर बहरेपन का संकट मंडराने का खतरा बढ़ता ही जा रहा है।

## सभी मतभेद भुलाकर सौहार्द के रंग में रंगजाने का पर्व है होली



राज मिठौलिया

भारत हर दौर में दुनिया को शांति व अमन चैन का पैगाम देता आया है। इस समय कई देश अपनी साम्राज्यवादी नीतियों व अपना वर्चस्व बनाए रखने के लिए भयंकर युद्ध में लिप्त हैं एवं एटम बम के इस्तेमाल की धमकियां भी दे रहे हैं। लिहाजा किसी भी समय दुनिया में तबाही आ सकती है। रुस,युक्रेन,इजराइल फिलीस्तीन के बीच लंबे समय से चल रहे युद्ध के साथ ही अब अमेरिका और ईरान ने भी एक दूसरे के खिलाफ ताल ठोक दिया है। इधर हमारा पड़ोसी मुल्क बांग्लादेश भी जंग की धमकी देने लगा है लेकिन भारत अभी भी शांति के पक्ष में अपनी आवाज उठा रहा है। आज के उलझे हुए सांस्कृतिक माहौल में भाई चारा व आपसी सौहार्द बनाए रखने का रंग भरा त्यौहार 'होली' दुनिया को जीओ और जीने दो का संदेश तो दे ही सकता है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि होली उत्साह और उत्साह का त्यौहार है। जिसमें मिठास की भरपूर रंगत रहती है। भिन्न-अभिन्न से कोई फर्क नहीं रह जाता है। इस पर्व की खास बात या यूं कहिए सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वह भारत की मौलिक एकता का प्रतीक है। होली क्यों मनायी जाती है इसकी विविध कहानियां प्रचलित है। लेकिन कुल मिलाकर यह कहा जायेगा कि इस मास से देश के ग्रामीण अंचलों में नयी फसल की आमद की प्रसन्नता फूट पड़ती है जिसका अभिनंदन होली के रंग गुलाल के रूप में होता है। वहीं उत्साह और आनंद का वातावरण गम में बदल जाता है। जिसका मूल कारण होता है विवाद और वह विवाद रंग डालने और न डालने की अनुमति को लेकर पैदा होता है। अच्छा तो यह होगा कि केवल पानी और सुखे रंग का व्यवहार करें। अगर रंग डालना है तो बहुत हल्का रंग डालें। दरअसल इस दिन कुछ लोग बेकाबू हो जाते हैं कि हर्षोतिरेक में रंग की जहग कीचड़, गोबर का भी इस्तेमाल करने लगते हैं। अधिक विवाद का यह भी एक कारण होता है। दूसरी बात अश्लील गानों की। यह सत्य है कि यह पर्व उत्साह-उल्लास का है। लेकिन सामाजिक मर्यादा हर हालत में कायम रखी जानी चाहिए। जब से इसके महत्व को भुला दिया गया तो और कुरीतियां आ गयी। इनकों दूर करने के लिए विभिन्न मंचों व समारोहों में बाकायदा अपील पर अपील की जाती है, परंतु इसका जरा भी असर नहीं पड़ता है। इसमें सुधार के लक्षण तो नजर नहीं आते उल्टे और अधिक दोष आते जा रहे हैं। दावा नहीं करते है लेकिन ऐसी नौबत आ सकती है जब लोग होली में रंग कींचड़ और अश्लील गीतों से नफरत करने लगेंगे और दूर भागने लगेंगे। अगर हम अभी से संभल जाए तभी कल्याण है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि दीवाली और होली ऐसे दो पर्व हैं जिसमें आला से लेकर अदना तक को अपार आनंद होता है।

होली की त्यौहार भारत के साथ ही नेपाल, अमेरिका, कनाडा, यूरानाम, ब्रिटेन जैसे कई देशों में भी प्रसिद्ध है। इसमें बांग्लादेश भी शामिल है लेकिन वहां हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार व मंदिरों में आगजनी के घटनाओं के मद्देनजर सौहार्द का त्यौहार शायद ही पिछली बार की तरह मनेगी। जबकि यह त्यौहार भाई चारे का संदेश देता है। यह त्यौहार देश के विभिन्न भागों में अलग-अलग नाम और रूप में मनाया जाता है। हजारों वर्षों से यह त्यौहार बुराई पर जीत के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। फाल्गुन मास की पूर्णिमा के दिन मनाये जाने वाले होली पुरानी रंजिशों को भुलाकर गले मिलने का दिन होता है। सभी के जीवन में खुशियों का रंग भरने के लिए ही आमतौर पर होली को रंग महोत्सव कहा गया है। वैसे धार्मिक ग्रंथों के अनुसार होली की शुरुआत राधा और कृष्ण ने की थी। कहा जाता है कि जब भगवान श्री कृष्ण के पूतना नाम की राक्षसी का वध किया था तब लोगों ने बड़ी राहत की सांस ली थी एवं उसी की खुशी में सभी गांववालों ने एक दूसरे पर रंग गुलाल उड़ेलकर होली का आयोजन किया था।

हम होली मनाये लेकिन सबको साथ लेकर। तभी यह पर्व सार्थक है। कभी ऐसे भी अवसर आते हैं तब रंग डालने और गाजे बाजे के सवाल को लेकर दो समुदायों में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। ऐसा फसाद करने वाले तत्व होते हैं, इसलिए ऐसे तत्वों से सावधान रहना है। हम जानते हैं कि यह पर्व हिन्दुओं का है, लेकिन मुसलमान बंधु भी इसमें दिल खोलकर भाग लेते हैं। मुगल काल में राजमहलों में भी होली खेली जाती थी। बादशाद, बेगमें और शहजाते दिल खोलकर रंग खेलते थे। अक्बर के दरबार की होली इतिहास प्रसिद्ध है। होली का त्यौहार वर्ष में केवल एक बार आता है एवं इस दिन समस्त भेदभाव भुलकर प्रेम पूर्व एक दूसरे के गले लग जाना चाहिए। यकीनन होली का यह रंग बिंरगी त्यौहार हमारी राष्ट्रीय एकता का प्रतीक पर्व है।

बहरहाल इस साल 2025 की होली लोकसभा चुनाव, हरियाणा, महाराष्ट्र व बहुचर्चित दिल्ली विधानसभा चनाव के बाद देश में उभरी राजनीति की नई तस्वीर प्रस्तुत कर दी है। दिल्ली चुनाव के एक माह पहले ही मीडिया में यह धड़ल्ले से चल रहा था कि इस बार दिल्ली में किस पार्टी के कार्यालय होली के रंग में डूब जायेंगे, वगैरह वगैरह। जाहिर है कि चुनाव में मिली शिकस्त के कारण आम आदमी पार्टी के मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री श्री अरविंद केजरीवाल और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ उनके समर्थकों में निराशा तो होगी ही वहीं जबर्दस्त जीत का परचम लहराने वाली भारतीय जनता पार्टी के स्टार प्रचारक व प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी अपने पुराने अंदाज में नजर आयेंगे। ऐसी स्थिति में होली का त्यौहार ही इन तमाम पार्टियों के नेताओं व समर्थकों को आपसी राजनीतिक मतभेद भुलाकर सौहार्द के रंग में रंगजाने का देती है जो वक्त का तकाजा भी है। -वरिष्ठ पत्रकार, पूर्व अध्यक्ष कोलकाता प्रेस क्लब




## भारत के साथ व्यापक व्यापार साझेदारी के लिए प्रयास रहेगाः न्यूजीलैंड प्रधानमंत्री



**नयी दिल्ली :** न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने 16 मार्च से शुरू होने वाली अपनी भारत यात्रा के पहले कहा है कि भारत के साथ व्यापक व्यापार साझेदारी कायम करने के साथ द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती पर उनका खास जोर रहेगा। प्रधानमंत्री के तौर पर अपनी पहली भारत यात्रा पर लक्सन 16 मार्च से 20 मार्च तक भारत में रहेंगे। इस दौरान लक्सन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बातचीत के अलावा 17 मार्च को नयी दिल्ली में आयोजित 10वें 'रायसीना डायलॉग' के उद्घाटन सत्र को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करेंगे। वह 19-20 मार्च को मुंबई का दौरा भी करेंगे। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री के साथ एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी भारत आएगा जिसमें मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, कारोबारी दिग्गज, मीडिया और भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्य शामिल होंगे। लक्सन ने अपनी भारत यात्रा के पहले न्यूजीलैंड की मीडिया के साथ बातचीत में कहा, 'हम व्यापार बढ़ाने के लिए सभी कदम उठाने जा रहे हैं। मेरा ध्यान भारत के साथ व्यापक व्यापार साझेदारी पर है। मैं न्यूजीलैंड के साथ भारत के व्यापारिक संबंधों में व्यापक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध हूं।' लक्सन ने कहा, 'भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण ताकत है और मैं इस क्षेत्र में शांति एवं समृद्धि बनाए रखने के तरीकों के बारे में प्रधानमंत्री मोदी के साथ चर्चा करूंगा।' उन्होंने कहा कि मौजूदा भू-राजनीतिक अस्थिरता के दौर में भारत के साथ न्यूजीलैंड का संबंध और भी महत्वपूर्ण हो गया है। उन्होंने कहा, 'मुझे यकीन है कि मेरी यात्रा हमारे जुड़ाव में बदलाव लाएगी। हम अपने द्विपक्षीय सुरक्षा एवं समृद्धि को मजबूत करने के लिए काम करते रहेंगे। भारत के साथ रिश्तों को मजबूत करना मेरी प्राथमिकता है।' इस बीच, विदेश मंत्रालय ने न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री की यात्रा का विवरण देते हुए कहा, 'अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री लक्सन 17 मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ भारत-न्यूजीलैंड संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगे।' प्रधानमंत्री मोदी अतिथि के सम्मान में दोपहर भोज आयोजित करेंगे। लक्सन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात करेंगे। विदेश मंत्रालय ने बताया कि लक्सन की यात्रा भारत और न्यूजीलैंड के बीच दीर्घकालिक और स्थायी संबंधों को रेखांकित करती है।

## गोयल अमेरिकी शुल्क धमकी के बीच 13 मार्च को निर्यात संवर्धन परिषदों के साथ करेंगे बैठक



**नयी दिल्ली :** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल अमेरिका की तरफ से जवाबी सीमा शुल्क लगाए जाने के खतरे के बीच बृहस्पतिवार को व्यापार मुद्दों पर निर्यात संवर्धन परिषदों के साथ चर्चा करेंगे। एक उद्योग अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि इस बैठक में निर्यातकों की तरफ से भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते से संबंधित मुद्दों को उठाए जाने की उम्मीद है। यह बैठक इस लिहाज से महत्वपूर्ण है कि गोयल हाल ही में अमेरिकी समकक्षों के साथ व्यापार वार्ता करने के बाद वाशिंगटन से लौटे हैं। उद्योग के एक अधिकारी ने कहा कि निर्यातक समुदाय अमेरिका की तरफ से जवाबी सीमा शुल्क लगाने की धमकी के बारे में चिंतित है क्योंकि इससे अमेरिका को भारत के निर्यात पर असर पड़ सकता है, जो इसका सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। हालांकि, उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका भारत को प्रस्तावित व्यापार समझौते के तहत शुल्क में रियायत देता है, तो कपड़ा, हस्तशिल्प, चमड़ा और रत्न एवं आभूषण जैसे क्षेत्रों को बढ़ावा मिलेगा। अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने कहा है कि भारत को अपने कृषि क्षेत्र को भी खोलना चाहिए। उल्लेखनीय है कि भारत ने अपने सभी मुक्त व्यापार समझौतो में काफी हद तक अपने कृषि क्षेत्र को संरक्षित किया हुआ है। इस बीच, वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने सोमवार को एक संसदीय समिति को बताया कि अभी तक भारत और अमेरिका के बीच व्यापार शुल्कों को लेकर कोई करार नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि इस बारे में वार्ता अभी जारी है।

## असम विधानसभा में 2025-26 के लिए 2.63 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश

**गुवाहाटी :** असम के वित्त मंत्री अजंता नियोग ने सोमवार को विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 2.63 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। यह 620.27 करोड़ रुपये के घाटे का बजट है। बजट में राज्य के सभी कामकाजी लोगों के लिए 15,000 रुपये तक की मासिक आय पर पेशेवर कर से छूट का भी प्रस्ताव है। अगले साल की शुरुआत में राज्य में विधानसभा चुनाव होने हैं। नियोग ने कहा, 'पेशेवर कर से छूट के कारण 1.43 लाख से अधिक करदाताओं को लाभ होगा और उनकी खरीद क्षमता बढ़ेगी।' उन्होंने चाय उद्योग के सामने आने वाली चुनौतियों को कम करने के लिए हरी चाय की पत्तियों पर कर छूट को दो और वर्षों के लिए बढ़ाने की घोषणा की।

## नये आयकर विधेयक के तहत सिर्फ छापों के दौरान डिजिटल, सोशल मीडिया खातों की जांच

**नयी दिल्ली :** नए आयकर विधेयक के तहत कर अधिकारी सिर्फ छापों के दौरान ही डिजिटल क्षेत्र या कंप्यूटर उपकरण तक पहुंच हासिल कर सकेंगे। आयकर विभाग के एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि इस प्रावधान का मकसद आम करदाताओं की ऑनलाइन गोपनीयता का उल्लंघन करना नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर किसी करदाता का मामला जांच के दायरे में आ जाए, तो भी उसकी गोपनीयता बरकरार रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि इस तरह की शक्तियां 1961 के अधिनियम में 'पहले से मौजूद' थीं, और इन्हें केवल 2025 के आयकर विधेयक में दोहराया गया है। अधिकारी ने कुछ मीडिया रिपोर्ट और विशेषज्ञों के इस दावे को खारिज किया कि कर अधिकारियों को करदाताओं के ईमेल, सोशल मीडिया हैंडल और क्लाउड स्टोरेज स्पेस सहित इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड तक पहुंच हासिल करने के अतिरिक्त अधिकार दिए गए हैं। उन्होंने कहा, 'ऐसी खबरें डर फैलाने के अलावा कुछ नहीं हैं। कर विभाग करदाता के सोशल मीडिया खाते या ऑनलाइन गतिविधियों की जासूसी नहीं करता है।' अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, 'इन अधिकारों का इस्तेमाल केवल तलाशी या छापेमारी अभियान के दौरान किया जाना चाहिए। छापों के दौरान भी ऐसा तब किया जाएगा, जब करदाता डिजिटल स्टोरेज ड्राइव, ईमेल, क्लाउड और व्हाट्सएप और टेलीग्राम जैसे संचार मंचों के पासवर्ड साझा करने से इनकार करेगा।' आयकर विधेयक, 2025 इस समय संसद के समक्ष है।

## महाराष्ट्र विधानसभा में सात लाख करोड़ रुपये का बजट पेश, लाडकी बहिन योजना के लिए 36,000 करोड़ रुपये

**मुंबई :** महाराष्ट्र सरकार ने अगले वित्त वर्ष (2025-26) के लिए सोमवार को पेश 7,00,020 करोड़ रुपये के बजट में 'लाडकी बहिन' योजना के लिए 36,000 करोड़ रुपये आवंटित किए, लेकिन भत्ता राशि में बढ़ोतरी की कोई घोषणा नहीं की। इसके साथ ही सीएनजी और एलपीजी वाहनों पर मोटर वाहन कर में एक प्रतिशत की वृद्धि का भी प्रस्ताव रखा गया। उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्रालय के प्रभारी अजीत पवार ने राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2025-26 का बजट पेश करते हुए नई औद्योगिक नीति की घोषणा की, जिसमें 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश और 50 लाख नौकरियों के सृजन पर ध्यान केंद्रित किया गया है। पवार ने पड़ोसी पालघर जिले में निर्माणाधीन वधावन बंदरगाह के पास महानगर में तीसरा हवाई अड्डा बनाने की घोषणा करते हुए कहा कि मुंबई महानगर क्षेत्र को विकास केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है और 2047 तक इसकी अर्थव्यवस्था 1.5 लाख करोड़ डॉलर की हो जाएगी। राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री लाडकी बहिन योजना के लिए 36,000 करोड़ रुपये आवंटित किए। हालांकि, बजट में योजना के लाभार्थियों को दिए जाने वाले भत्ते को 1,500 रुपये से बढ़ाकर 2,100 रुपये करने की चुनावी घोषणा के अनुरूप कोई उल्लेख नहीं किया गया है। हालांकि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि राजकोषीय संतुलन हासिल होने के बाद महायुति सरकार का चुनावी वादा पूरा किया जाएगा लेकिन यह अप्रैल से नहीं होगा। सरकार ने 30 लाख रुपये से अधिक कीमत वाले इलेक्ट्रिक वाहनों पर छह प्रतिशत का मोटर वाहन कर लगाने का प्रस्ताव किया है। मोटर वाहन कर की अधिकतम सीमा 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 30 लाख रुपये करने का प्रस्ताव है जिससे लगभग 170 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व मिलने की उम्मीद है। मोटर वाहन कर में वृद्धि से राज्य के खजाने को 1,125 करोड़ रुपये का लाभ होगा। पवार ने वाहन के प्रकार और कीमत के आधार पर निजी स्वामित्व वाले गैर-परिवहन चारपहिया सीएनजी और एलपीजी वाहनों पर मोटर वाहन कर में एक प्रतिशत बढ़ोतरी की भी घोषणा की। वर्तमान दर सात से नौ प्रतिशत है।

## शेयर बाजार ने शुरुआती लाभ गंवाया, सेंसेक्स 217 अंक टूटा, निफ्टी भी नुकसान में



**मुंबई :** उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में सोमवार को दोनों मानक सूचकांक...बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी...में गिरावट रही। कारोबार के अंतिम घंटे में औद्योगिक तथा तेल एवं गैस शेयरों में बिकवाली से बाजार नीचे आया और बीएसई सेंसेक्स 217 अंक टूट गया। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 217.41 अंक यानी 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74,115.17 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में से 22 नुकसान में जबकि आठ लाभ में रहे। सूचकांक बढ़त के साथ खुला और कारोबार के दौरान 74,741.25 अंक तक चढ़ गया था। हालांकि, बाजार बंद होने से पहले बिकवाली दबाव के कारण एक समय यह 310.34 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 92.20 अंक यानी 0.41 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,460.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से इंडसइंड बैंक, जोमैटो, लार्सन एंड टुब्रो, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, कोटक महिंद्रा बैंक, टेक महिंद्रा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, नेस्ले इंडिया, एशियन पेंट्स, आईटीसी, सन फार्मास्युटिकल्स और आईसीआईसीआई बैंक शामिल हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'वैश्विक प्रतिकूल परिस्थितियां बाजार धारणा को प्रभावित कर रही हैं। अमेरिका में बेरोजगारी दर और शुल्क दर में वृद्धि ने अनिश्चितता को जन्म दिया है। यह दर्शाता है कि निकट भविष्य में अस्थिरता बनी रहेगी।''

## उत्तर प्रदेश सरकार ने एचसीएल-फॉक्सकॉन के चिप संयंत्र के लिए नए स्थान पर जमीन आवंटित की

**नयी दिल्ली :** उत्तर प्रदेश सरकार ने एचसीएल-फॉक्सकॉन सेमीकंडक्टर के संयंत्र के लिए यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) के तहत एक नए स्थान पर लगभग 48 एकड़ जमीन आवंटित की है। स्थानीय अधिकारियों द्वारा जारी एक आधिकारिक पत्र के अनुसार, कंपनी ने बुनियादी ढांचे और संबंधित प्रक्रियात्मक देरी को कम करने के लिए इस बारे में अनुरोध किया था। इससे पहले उत्तर प्रदेश सरकार के यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने एचसीएल-फॉक्सकॉन ओएसएटी संयुक्त उद्यम वामा सुंदरी इन्वेस्टमेंट्स प्राइवेट लि. के लिए सेक्टर-10 में 50 एकड़ भूमि आवंटित करने के लिए आशय पत्र (एलओआई) जारी किया था। हालांकि, एचसीएल ने सेक्टर-10 में चल रही भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया और बुनियादी ढांचे की स्थापना के कारण होने वाली संभावित देरी के चलते यीडा से किसी अन्य स्थान पर भूमि आवंटित करने का अनुरोध किया था। यीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अरुण वीर सिंह ने एचसीएल को वामा सुंदरी इन्वेस्टमेंट्स (दिल्ली) प्राइवेट लि. के लिए जारी छह मार्च के पत्र में यीडा के सेक्टर-28 में 48 एकड़ जमीन आवंटित करने के फैसले की जानकारी दी है। इस बारे में यीडा के सीईओ, एचसीएल और फॉक्सकॉन से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है। वामा सुंदरी उत्तर प्रदेश में स्थापित होने वाली पहली चिप उत्पादन इकाई होगी।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 11 मार्च, मंगलवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, फाल्गुन शुक्लपक्ष द्वादशी, 08:15 तक, नक्षत्र : आश्लेषा, 26:14 तक, योग : अतिगंदा, 13:17 तक, सूर्योदय: 5:52, सूर्यास्त: 17:44, चन्द्रोदय : 15:15, चन्द्रास्त: 04:01, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : कर्क, राहू काल : 14:43 से 16:12

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के लोगों के लिए करियर के मामले में लाभ का दिन है। आपको हर कार्य में तरक्की मिलेगी और आपके रुके सभी कार्य पूर्ण होने से मन काफी प्रसन्न होगा।

**वृष :** वृषभ राशि के लोगों के लिए लाभ का दिन है और आपके द्वारा राजनीति के मामले में किए जा रहे प्रयासों में सफलता मिलेगी। आपको शासन और सत्ता की तरफ से जबर्दस्त लाभ होगा।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों का दिन मिलाजुला रहेगा और आपको किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने का भय बन रहेगा। संतान की शिक्षा और प्रतियोगिता में जीत होगी।

**कर्क :** कर्क राशि के लोगों का भाग्य साथ दे रहा है और आपके लिए उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के योग बन रहे हैं। आजीविका के क्षेत्र में प्रगति होगी और आपको मान-प्रतिष्ठा के मामले में लाभ होगा।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों के लिए लाभ के शुभ योग बन रहे हैं और आपको धन के मामले में लाभ होगा। आपका दिन खुशियों से भरा होगा और आपकी सभी कार्ययोजनाएं सफल होंगी।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों का भाग्य साथ दे रहा है और आपके लिए ग्रहों की दशा शुभ है। आपके लिए रोजगार के क्षेत्र में लाभ होने के योग बन रहे हैं और आपको अकल्पनीय सफलता प्राप्त होगी।

**तुला :** तुला राशि के लोगों के लिए करियर के मामले में दिन शुभ है और आपके चारों ओर सुखद वातावरण रहेगा। पर्याप्त मात्रा में धन हाथ में आ जाने का सुख मिलेगा।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों के लिए करियर में सफलता का दिन है और आपका हर कार्य योजना के अनुसार पूरा होगा। आपको धन सम्मान के मामले में लाभ होगा।

**धनु :** धनु राशि के लोगों को लाभ होगा। आपके विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे। शासन सत्ता पक्ष से निकटता व गठजोड़ का लाभ भी मिलेगा। ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन हाथ लग सकता है।

**मकर :** मकर राशि के लोगों का दिन शुभ है। पारिवारिक व आर्थिक मामलों में सफलता मिलेगी। आजीविका के क्षेत्र में चल रहे नए प्रयास फलीभूत होंगे। माता-पिता का विशेष ध्यान रखें।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों के लिए करियर में सफलता का दिन है। आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे और आपको किसी प्रकार की कारोबारी डील में बड़ा धन लाभ हो सकता है।

**मीन :** आज आपको करियर में तरक्की मिलने की संभावना है। परिवार के सदस्यों के साथ आप कुछ मौज-मस्ती भरे पल व्यतीत करेंगे। आपकी दीर्घकालीन योजनाओं को गति मिलेगी।

## वर्ग पहेली नं. 3029

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | 10 | |
| 11 | | | ■ | 12 | | 13 | ■ | | ■ |
| | ■ | 14 | | | ■ | 15 | | | |
| 16 | 17 | | ■ | ■ | 18 | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | ■ | 20 | | 21 |
| 22 | | | | ■ | 23 | 24 | | ■ | |
| 25 | | ■ | 26 | 27 | ■ | 28 | | 29 | |
| | ■ | 30 | | | | | ■ | 31 | |

*बायें से दायें:-* 1) धरोहर; रिवाज; *ट्रैडीशन*, 4) षड्यन्त्र, 7) लड़केवाले; बरात, 9) विश्वास; सांत्वना, 11) लक्ष्मण, 12) क्रुद्ध; उष्ण, 14) कुपोषण; दुर्बलता; मरतैलियापन, कंकालमात्र, 15) वक्रतुंड, 16) इच्छा, 18) हाथी, 19) उपन्यास, 20) नयनपट, 22) जहाँ दीया तक न जलता हो; निस्संतान, 23) मापना, 25) भूतकालीन, 26) अभियोगी; गवाह; निवेदक, 28) यात्री, 30) शरणदाता; रक्षक, 31) डूबा; तल्लीन.

*ऊपर से नीचे:-* 1) कुश्ती, 2) अनिलकुमार, 3) कलह, 4) शिक्षित, 5) सौ, 6) भारत में एक शहर, जिसका एक पूर्वनाम *तुग़लक़ाबाद* था, 8) साफ़ा; मुँडासा, 10) ग़म-ख़ार; सहिष्णु, 13) गूदा, 17) पर्याप्त, 18) सड़ना; पिघलना, 19) अरोचक; असह्य; नापसंद, 20) शरण, 21) धज्जी; छाँट; *कटिंग*, 22) शाहजहाँ की मुमताज, 24) पराजित, 27) चिराग़, 29) फिसलनयुक्त (*ज़मीन*).

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ■ | व | ह | ■ | अ | जी | ब | ■ | स |
| द | ■ | र | म | क | ना | ■ | ला | ज़ि | म |
| ल | गा | ना | ■ | च | र | स | ■ | ■ | तो |
| ब | ■ | ■ | सा | रा | ■ | ह | ल | च | ल |
| द | स्त | खा | त | ■ | सि | वा | ■ | क | ■ |
| ल | ब | ■ | पाँ | च | ■ | स | ह | म | त |
| ■ | क | व | च | ■ | सा | ■ | र | क | म |
| बी | ■ | ह | ■ | ब | ग | दा | द | ■ | च |
| न | त | म | स्त | क | ■ | द | म | दा | र |

शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-2989

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 7 | | | | 2 | | |
| | 3 | | 5 | | | | | |
| | | | 9 | 8 | | | | |
| | | 1 | | | 7 | | | |
| 9 | | | | | | | | 5 |
| | | | | 6 | | | 3 | |
| | 6 | | | | | 7 | | |
| 5 | | | 4 | | | | | |
| | | | | | | 1 | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 2988 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 1 | 5 | 8 |
| 1 | 9 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 3 | 2 |
| 2 | 7 | 5 | 3 | 8 | 1 | 4 | 6 | 9 |
| 5 | 8 | 6 | 1 | 2 | 4 | 9 | 7 | 3 |
| 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 4 | 5 |
| 3 | 4 | 9 | 8 | 5 | 7 | 2 | 1 | 6 |
| 8 | 2 | 3 | 7 | 1 | 5 | 6 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 2 | 9 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 9 | 5 | 1 | 4 | 6 | 8 | 3 | 2 | 7 |

### विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश भाजपा में सेंधमारी

# हल्दिया से भाजपा विधायक तापसी मंडल तृणमूल कांग्रेस में शामिल

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व मेदिनीपुर के हल्दिया से भाजपा की विधायक एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी की करीबी सहयोगी तापसी मंडल सोमवार को राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पार्टी में शामिल हो गईं। तापसी मंडल के तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने के फैसले से न केवल पूर्व मेदिनीपुर में भाजपा को झटका लगा है बल्कि पार्टी के विधायक दल को भी इससे नुकसान होगा क्योंकि राज्य में अगले साल की शुरुआत में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई थी। वह राज्य के ऊर्जा मंत्री अरूप बिस्वास की उपस्थिति में तृणमूल कांग्रेस के मुख्यालय में पार्टी में शामिल हुईं।



तापसी मंडल ने बार-बार पार्टी बदलने के अपने फैसले को सही ठहराते हुए कहा कि मैंने मुख्यमंत्री की विकासात्मक पहल का हिस्सा बनने का फैसला किया है। भाजपा राज्य में सांप्रदायिक तनाव को बढ़ाने की कोशिश कर रही है। वह विभाजनकारी राजनीति कर रही है, इसलिए राज्य के लोगों ने बार-बार उसे नकारा है। मेरे लिए ऐसी राजनीति को स्वीकार करना मुश्किल हो रहा था। तृणमूल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि हल्दिया से भाजपा की विधायक तापसी मंडल का तृणमूल कांग्रेस परिवार में स्वागत है। उनका हमारे साथ जुड़ना भाजपा की राजनीति से बढ़ते मोहभंग का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में लोगों के कल्याण के लिए अथक प्रयास करेंगी। उल्लेखनीय है कि तापसी मंडल ने कांग्रेस समर्थित मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के उम्मीदवार के रूप में 2016 में हल्दिया सीट से चुनाव जीता था। 2021 के विधानसभा चुनावों से पहले शुभेंदु अधिकारी द्वारा तृणमूल से भाजपा में शामिल हो जाने के बाद तापसी मंडल भी दिसंबर 2020 में भाजपा में शामिल हो गई थीं। उन्होंने 2021 के चुनाव में भाजपा उम्मीदवार के रूप में हल्दिया सीट से चुनाव जीत लिया था।

**❑ जनता ऐसे राजनीतिक मौका परस्तों को खारिज कर देंगे : शुभेंदु अधिकारी**

तापसी मंडल द्वारा बार-बार पार्टी बदलने पर टिप्पणी करते हुए शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि लोग ऐसे राजनीतिक मौका परस्तों को खारिज कर देंगे। उनके साथ एक भी भाजपा कार्यकर्ता तृणमूल में शामिल नहीं हुआ है।

# विधानसभा में राष्ट्रीय पुस्तकालय की बदहाली के मुद्दे पर भाजपा-टीएमसी में छिड़ी बहस

**❑ मंत्री हकीम ने राष्ट्रीय पुस्तकालय में होने वाले कार्यक्रमों में स्थानीय विधायकों व सांसदो को नहीं जानकारी देने का लगाया आरोप**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सोमवार को भाजपा विधायक अशोक लाहिड़ी ने अलीपुर स्थित राष्ट्रीय पुस्तकालय की जर्जर स्थिति का मुद्दा उठाया। उन्होंने राज्य के पुस्तकालय मंत्री से सवाल किया कि सरकार इस समस्या को दूर करने के लिए क्या कदम उठा रही है। जवाब में, पुस्तकालय मंत्री सिद्दीकुल्ला चौधरी ने स्पष्ट किया कि राष्ट्रीय पुस्तकालय केंद्र सरकार के अधीन आता है और राज्य सरकार का इस




पर कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि कई बार अधिकारियों के साथ बैठकें करने की कोशिश की गई, लेकिन राष्ट्रीय पुस्तकालय के अधिकारी उपस्थित नहीं हुए, जिससे राज्य की भूमिका को नजरअंदाज किया गया। अशोक लाहिड़ी ने मंत्री के जवाब से असंतोष जाहिर करते हुए कहा कि आप अभी कुछ नहीं कर रहे हैं। जब राष्ट्रीय पुस्तकालय को यहां से स्थानांतरित करने की बात आएगी, तब आप केंद्र पर साजिश का आरोप लगाएंगे। इस पर, मंत्री चौधरी ने पलटवार करते हुए कहा कि मैं आपको केंद्र सरकार से बात करके राष्ट्रीय पुस्तकालय की मरम्मत की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी दे रहा हूं। इस बीच, टीएमसी विधायक फिरहाद हकीम ने इस मुद्दे पर नाराजगी जताई कि 2014 के बाद से राष्ट्रीय पुस्तकालय में होने वाले कार्यक्रमों में स्थानीय विधायकों और सांसदों को आमंत्रित नहीं किया जाता। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले राज्य के मंत्रियों को कार्यक्रमों की जानकारी दी जाती थी, लेकिन अब उन्हें नजरअंदाज किया जाता है।

## वक्फ संशोधन बिल के जरिए वक्फ की ताकतों को समाप्त करना चाहती है केंद्र : नौशाद सिद्दीकी

**कोलकाता, समाज्ञा :** वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल बोर्ड (एआईएमपीएलबी) की तरफ से किए जा रहे प्रदर्शन पर इंडियन सेकुलर फ्रंट (आईएसएफ) के नेता और विधायक नौशाद सिद्दीकी ने अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि वक्फ के खिलाफ वो भी हैं और हम भी हैं। आईएसएफ विधायक नौशाद सिद्दीकी ने कहा कि जो संसद में सरकार की तरफ से लाए गए वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ हैं, उन्हें 'एआईएमपीएलबी' की तरफ से मैसेज किया गया। हम भी इस बिल के खिलाफ हैं। केंद्र सरकार वक्फ संशोधन बिल के जरिए वक्फ की ताकतों को खत्म करना चाहती है।

**❑ 'विधानसभा में जिस चीज पर चर्चा होनी चाहिए, वह नहीं हो रहा है'**

विधानसभा में डिपार्टमेंटल बजट पर चर्चा को लेकर उन्होंने कहा कि जिस चीज को लेकर चर्चा होनी चाहिए, वह नहीं हो रहा है। महिलाओं और अल्पसंख्यकों के विकास को लेकर चर्चा होनी चाहिए। दावा किया जा रहा है पश्चिम बंगाल में अल्पसंख्यकों के विकास के लिए बहुत काम हुआ है। वहीं, संघ के लोग कह रहे हैं कि राज्य में अल्पसंख्यकों का शोषण हो रहा है।



राज्य सरकार दावा करती है कि वो आदिवासी, अनुसूचित जाति के लिए बहुत काम करती है, ऐसे में इन पर और पिछड़े समाज के लिए चर्चा होना चाहिए। राज्य में शिक्षा और चिकित्सा पर चर्चा होनी चाहिए। लेकिन जिन विषयों पर चर्चा होनी चाहिए, बंगाल सरकार विधानसभा के अंदर उसपर चर्चा नहीं कर रही है।

**❑ 'सांप्रदायिक हिंसा फैलाने वालों की हो गिरफ्तारी'**

रविवार को मुर्शिदाबाद के नोउदा में उपद्रवियों द्वारा काली की मूर्ति तोड़ने को लेकर सिद्दीकी ने कहा कि जो सांप्रदायिक हिंसा फैलाने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें गिरफ्तार किया गया है। कुछ दिन पहले बारूईपुर में एक मस्जिद में घुसकर तोड़फोड़ किया गया था। वहीं, चार दिन पहले बारूईपुर में एक शीतला माता मंदिर में तोड़-फोड़ किया गया था। ऐसे उपद्रवियों को बिना सोचे-समझे जेल में डाल देना चाहिए।

# हिंदुओं के उपासना स्थलों पर हमलों का मुद्दा आज विधानसभा में उठाएगी भाजपा

**कोलकाता, समाज्ञा :** विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने सोमवार को कहा कि भाजपा हिंदू उपासना स्थलों पर कथित हमलों का मुद्दा मंगलवार को राज्य विधानसभा में उठाएगी। शुभेंदु अधिकारी ने विधानसभा के अंदर अपने कार्यालय में भाजपा विधायक दल की एक बैठक में शामिल हुए। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि हमारे विधायक हाल के दिनों में बंगाल के विभिन्न हिस्सों में हिंदू धार्मिक स्थलों पर हुए हमलों के संबंध में 11 मार्च को सदन में एक स्थगन प्रस्ताव लाएंगे। उन्होंने कहा चूंकि, मैं निलंबित हूं और हमारे विधायकों को चुप कराने का प्रयास किया जा रहा है, इसलिए हम (हिंदू धार्मिक स्थलों पर हमलों का) मुद्दा विधानसभा के भीतर ही नहीं बल्कि सदन के बाहर भी उठाएंगे। भाजपा नेता ने यह भी घोषणा की कि भाजपा बुधवार को विधानसभा में जादवपुर विश्वविद्यालय में जारी अशांति को उजागर करेगी। बाद में, उन्होंने और लगभग 30 भाजपा विधायकों ने तख्तियों के साथ प्रदर्शन किया, जिन पर टूटी हुई मूर्तियों और क्षतिग्रस्त दीवारों की कथित तस्वीरें थीं। इन तस्वीरें के नीचे दक्षिण 24 परगना के बारुईपुर, पूर्व मेदिनीपुर के तमलुक और मुर्शिदाबाद के पटिकाबारी जैसे स्थानों के नाम लिखे थे। भाजपा विधायक ने कहा कि इस्लामी जिहादी तत्व राज्य के विभिन्न हिस्सों में हिंदू उपासना स्थलों पर हमला कर रहे हैं और तुष्टिकरण से प्रेरित तृणमूल कांग्रेस सरकार आंखें मूंदे बैठी है। हम राज्य को बांग्लादेश नहीं बनने देंगे।

### भाजपा विधायकों की राजभवन तक पदयात्रा, शुभेंदु अधिकारी ने टीएमसी सरकार पर साधा निशाना



विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में भाजपा विधायकों ने सोमवार को विधानसभा से राजभवन तक पदयात्रा निकाली। यह विरोध प्रदर्शन राज्य में हाल ही में हुए हिंदू देवी-देवताओं के मंदिरों पर हमलों और मूर्तियों को तोड़े जाने की घटनाओं को लेकर था। भाजपा ने इन हमलों के खिलाफ विरोध जताते हुए राजभवन तक मार्च किया, लेकिन राज्यपाल सीवी आनंद बोस की अनुपस्थिति के कारण भाजपा प्रतिनिधियों को उनके कार्यालय में ओएसडी को अपना पत्र सौंपना पड़ा। इस दौरान, विरोधी दल के नेता शुभेंदु अधिकारी ने टीएमसी की सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार हिंदू विरोधी है। शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि राज्य में पुलिस टीएमसी के कैडर की तरह काम कर रही है और इसलिए इन हमलों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उन्होंने यह भी दावा किया कि टीएमसी सरकार की कथित भ्रष्ट गतिविधियों को उजागर किया गया था, जिसमें ममता बनर्जी के खिलाफ एक स्कॉच घोटाले का पर्दाफाश हुआ था, इसमें 11 लाख रुपये का निवेश किया गया था। शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में बंगाल में कई हिंदू मंदिरों और देवी-देवताओं की मूर्तियों को निशाना बनाया गया है। इसके अलावा, हिंदू दुकानों को जलाने की घटनाएं भी सामने आई हैं। अधिकारी ने बंगाल के माहौल को बांग्लादेश जैसा बताते हुए कहा कि यहां की स्थिति तेजी से बिगड़ रही है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत की जीत के बाद कुछ स्थानों पर जश्न मनाने के दौरान अशांति हुई थी और उलूबेरिया में ऐसे ही एक जश्न के दौरान हिंदू लड़कों पर हमला किया गया था।

## बंगाल में भी बांग्लादेश जैसे हालात : सुकांत मजूमदार



**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए राज्य सरकार और तृणमूल कांग्रेस के नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने दावा किया कि बशीरहाट दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के तहत निंदरिया ग्राम पंचायत के साकचुड़ो बाजार इलाके में एक मंदिर में जबरदस्ती घुसकर मां काली की मूर्ति को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। डॉ. सुकांत मजूमदार ने इस मामले पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य पुलिस को आड़े हाथों लिया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने लिखा कि राज्य में बांग्लादेश जैसी स्थिति है, जो बांग्लादेश में व्याप्त अराजकता का प्रतिबिंब है। सुकांत मजूमदार ने अपने पोस्ट में हिंसा का एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा कि ममता बनर्जी के उग्र समर्थकों ने मुर्शिदाबाद के पटिकाबाड़ी बाज़ार में हिंदुओं की दुकानों में आग लगा दी। पिछले 48 घंटों में कई हिन्दू मंदिरों को अपवित्र किया गया है। इस परिस्थिति को राज्य की गृह मंत्री ममता बनर्जी यदि नियंत्रित नहीं कर सकती हैं, तो उन्हें केंद्रीय बलों को तैनात करने के बारे में सोचना चाहिए। उन्होंने आगे लिखा कि बस, बहुत हो गया मुख्यमंत्री ममता बनर्जी! अगर आप या आपका प्रत्यक्ष रूप से समर्थित कट्टरपंथी राक्षस समूह पश्चिम बंगाल को ग्रेटर बांग्लादेश मानता है, तो आप झूठे स्वर्ग में रह रहे हैं! जब तक हम जीवित हैं, हम आपको सनातन हिंदू भक्तों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने की अनुमति नहीं देंगे। अगर राज्य के हिंदुओं या उनकी धार्मिक भावनाओं पर कोई हमला हुआ, तो भारतीय जनता पार्टी उसका मुंहतोड़ जवाब देगी- तैयार रहें।



## शहर में आज

❑ **श्री सीताराम सत्संग समिति (कोलकाता) :** होली प्रीति सम्मेलन, सायं 4 बजे से, स्थान– माहेश्वरी भवन, 4 तल्ला, 4, शोभाराम बैशाख स्ट्रीट, बड़ाबाजार, कोलकाता।

❑ **नापासर नागरिक मंच :** होली प्रीति सम्मेलन, सायं 4 बजे से, स्थान– डिवीनिटी पैवेलियन, 241, गोलाघाटा रोड, श्रीभूमि, लेकटाउन, कोलकाता।

❑ **श्री राणी सतीजी शोभायात्रा समिति :** निःशुल्क होमियोपैथिक चिकित्सा, सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक, स्थान– 24, गोयनका लेन, ढ़ाकापट्टी, बड़ाबाजार, कोलकाता।

❑ **रजनी फाउंडेशन :** बाबा रामदेवजी की आरती, रात्रि 8 बजे से, स्थान– 28/1ए, रतन सरकार गार्डेन स्ट्रीट, तारा सुंदरी पार्क के पास, बड़ाबाजार, कोलकाता।

❑ **बाल किसन जी चांडक परिवार :** सांवरिया सेठ जी की आरती, सुबह 7 बजे से, स्थान– चांडक निवास, शिव बाजार, मेदिनीपुर।

---

## मोतीलाल ओसवाल फाइनैन्शल सर्विसेज़ ने वित्तीय शोध में काम कर रही महिलाओं के सम्मान के लिए रिसर्चहर की शुरुआत की

**कोलकाता :** मोतीलाल ओसवाल फाइनैन्शल सर्विसेज़ लि. (एमओएफएसएल) ने रिसर्चहर की मेजबानी की, जो उनके द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस को मनाने के लिए की गई शुरुआत है। इसके अंतर्गत उन्होंने शीर्ष 20 महिला शोधकर्ताओं शोधकर्ताओं को वित्तीय शोध के क्षेत्र में उनके अनुकरणीय योगदान के लिए सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में लक्ष्मी अय्यर, सीईओ – निवेश और रणनीति, कोटक अल्टरनेट एसेट मैनेजर्स लिमिटेड और मोएलिस इंडिया की मुख्य कार्यकारी अधिकारी मनीषा गिरोत्रा शामिल थे, और इस वार्ता की मेज़बानी आयेशा फ़रीदी ने की जो ईटी नाउ की राष्ट्रीय संपादिका हैं। इसके अलावा, इस कार्यक्रम में रामदेव अग्रवाल द्वारा एक विशेष मास्टरक्लास ली गई, जिसमें केवल उपस्थित लोगों के लिए बाज़ार की रणनीतियों और अनुसंधान उत्कृष्टता के बारे में अद्वितीय जानकारी प्रदान की गई। श्री मोतीलाल ओसवाल, एमओएफएसएल के एमडी और सीईओ, ने कहा, पिछले 37 सालों से ठोस शोध हमारी दिशानिर्देशक रही है। आज जब हम हमारी पहचान को आधुनिक बना रहे हैं, हम उन महिलाओं को भी पूरा सम्मान देते हैं जो इन आदर्शों को साकार करती हैं।

# बंगाल में पेंशन प्राप्त करने वाले पूर्व सैनिकों की संख्या एक लाख से अधिक

## रक्षा राज्यमंत्री ने तृणमूल की राज्यसभा सदस्य के प्रश्न के उत्तर में दी जानकारी



**नई दिल्ली/कोलकाता :** केंद्र सरकार के स्पर्श (पेंशन प्रशासन प्रणाली –रक्षा) डेटाबेस पर उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार, बंगाल में स्थित बैंक शाखाओं के माध्यम से पेंशन प्राप्त करने वाले सशस्त्र बलों के पूर्व सैनिकों की कुल संख्या एक लाख 285 है। रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ ने सोमवार को राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस की सदस्य सागरिका घोष को दिए एक प्रश्न के उत्तर में दी। मंत्री ने कहा कि पेंशन निधि का आवंटन केंद्रीय रूप से किया जाता है और इसे राज्यवार नहीं रखा जाता है। उन्होंने सदन को बताया कि वेतन आयोगों की सिफारिशों और सरकार द्वारा उनकी स्वीकृति के आधार पर मूल पेंशन की समीक्षा की जाती है। महंगाई राहत, जिसका समय–समय पर मूल्यांकन किया जाता है, के परिणामस्वरूप वितरित राशि में वृद्धि हो सकती है। इसके अतिरिक्त, एक जुलाई 2014 से, केंद्र सरकार ने भूतपूर्व सैनिकों के लिए वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) योजना शुरू की, जिसका उद्देश्य समय–समय पर वर्तमान और पिछले पेंशनभोगियों की पेंशन दरों के बीच के अंतर को पाटना है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार विभिन्न तरीकों से पूर्व सैनिकों की भलाई का ख्याल रखती है और इसके लिए प्रतिबद्ध है। इसमें केंद्रीय सैनिक बोर्ड (केएसबी) के माध्यम से कल्याणकारी योजन–ाओं की सुविधा प्रदान करना भी है, जिसमें राज्य सैनिक बोर्ड और जिला सैनिक बोर्ड शामिल हैं। भूतपूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना (ईसीएचएस) के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल सुविधाएं भी हैं।

# न्यायमूर्ति जयमाल्या बागची को सर्वोच्च न्यायालय का नियुक्त किया गया न्यायाधीश

### मुख्यमंत्री ममता ने दी बधाई



**नई दिल्ली/कोलकाता :** कलकत्ता हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस जयमाल्या बागची को सोमवार को देश की सबसे बड़ी अदालत का जज नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति का ऐलान कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किया। जस्टिस जयमाल्या बागची का सुप्रीम कोर्ट में कार्यकाल 6 साल से अधिक का होगा। इस दौरान, वह सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में भी काम करेंगे। जस्टिस केवी विश्वनाथन के 25 मई 2031 को रिटायर होने पर, जस्टिस बागची देश के मुख्य न्यायाधीश का पद संभालेंगे और वह 2 अक्टूबर 2031 तक अपनी रिटायरमेंट तक पद पर बने रहेंगे। उल्लेखनीय है कि जस्टिस बागची को 27 जून 2011 को कलकत्ता हाईकोर्ट में जस्टिस नियुक्त किया गया था। लेकिन, उनका 4 जनवरी 2021 को आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट में ट्रांसफर कर दिया गया था। जस्टिस बागची को 8 नवंबर 2021 को कलकत्ता हाईकोर्ट में फिर से वापस भेज दिया गया और तब से वह वहीं कार्यरत हैं। उनके शपथ लेने के बाद सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या 33 हो जाएगी जबकि स्वीकृत संख्या 34 है। दूसरी तरफ, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कलकत्ता हाईकोर्ट के जस्टिस जयमाल्या बागची को सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस के रूप में नियुक्ति पर बधाई दी है। ममता ने इसे बंगालियों के लिए गर्व का क्षण बताया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की। ममता ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने पोस्ट में कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट के जस्टिस जयमाल्या बागची को राष्ट्रपति द्वारा सुप्रीम कोर्ट के माननीय जस्टिस के रूप में नियुक्त किए जाने पर बधाई। यह नियुक्ति हम सभी के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने आगे कहा कि जस्टिस बागची को उनके शानदार करियर के लिए शुभकामनाएं।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिलवासा में नमो अस्पताल का उद्घाटन किया

❑ **भारत के पहले एआई–पावर्ड घुटना प्रतिस्थापन रोबोट – मिसो का प्रदर्शन**

**कोलकाता :** माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दादरा और नगर हवेली के सिलवासा में 450 बिस्तरों वाले नमो अस्पताल के पहले चरण का उद्घाटन किया। 460 करोड़ की लागत से निर्मित इस अत्याधुनिक अस्पताल का उद्देश्य क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर 2,500 करोड़ से अधिक की सार्वजनिक कल्याण परियोजनाओं का शुभारंभ भी किया, जिनमें नए अस्प–ताल, स्कूल और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा विकास योजनाएं शामिल हैं, जो सार्वजनिक सेवाओं और स्वास्थ्य सेवा की पहुंच को बेहतर बनाने के लिए समर्पित हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने अस्पताल के आगामी 3ऊमॉडल का अवल–ोकन किया और इसके समकालीन चिकित्सा बुनियादी ढांचे की सराहना की। इस कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण था भारत के पहले स्वदेशी एआई–पावर्ड रोबोटिक सिस्टम 'मिसो' का प्रदर्शन, जो विशेष रूप से घुटना प्रतिस्थापन सर्जरी के लिए विकसित किया गया है। इस क्रांतिकारी तकनीक का प्रदर्शन मेरिल के सीईओ विवेक शाह ने किया। विवेक शाह, सीईओ, मेरिल ने कहा, हम मेरिल में नवीनतम और विश्व स्तरीय तकनीकों के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो न केवल शल्य चिकित्सा की सटीकता को बढ़ाती हैं, बल्कि क्लिनिकल परिणामों और रोगी की रिकवरी को भी बेहतर बनाती हैं। 'मिसो' भारत की चिकित्सा तकनीकी क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## पुलिस ने जेयू में आजाद कश्मीर संबंधी पोस्टर की जांच शुरू की

❑ **प्रदर्शनकारी छात्रों का दावा– पोस्टर पुराना, मौजूदा दौर के विरोध प्रदर्शनों से कोई संबंध नहीं**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस ने जादवपुर विश्वविद्यालय में आजाद कश्मीर नारे संबंधी नए पोस्टर के संबंध में एक नई शिकायत दर्ज की। पुलिस इस बारे में चुप्पी साधे रही कि उसे जेयू के छात्रों या अधिकारियों से शिकायत मिली है या नहीं या फिर इस पर स्वत: संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने कहा कि यह दूसरी बार है जब वह आजाद कश्मीर नारे पर शिकायत दर्ज की है। पहली बार आरजीकर विरोध प्रदर्शन के दौरान जब जेयू के बाहर मुख्य सड़क और यहां तक कि परिसर में ये नारे लगे थे। पुलिस जेयू के एक छात्र द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति कथित अनादर की एक अलग शिकायत के बाद भी कानूनी कार्रवाई करेगी। पुलिस अपने कानूनी प्रकोष्ठ से परामर्श कर रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि उन्हें आर–ोपों की गंभीरता के आधार पर अलग से एफआईआर दर्ज करने की आवश्यकता है या सात एफआईआर में विशिष्ट धाराएं जोडऩे की आवश्यकता है – शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु और अन्य के खिलाफ़ को छोडक़र। नारा गेट तीन के पास देखा जा सकता है। छात्र संगठनों के बीच तीव्र राजनीतिक तनाव पैदा हो गया है, जिसमें प्रत्येक एक दूसरे पर अराजकता पैदा करने का आरोप लगा रहा है। सूत्रों ने बताया कि ये नारे भले ही पुराने हों, लेकिन मौजूदा राजनीतिक संदर्भ में ये फिर से उभर कर सामने आए हैं। प्रदर्शनकारी छात्रों और जेयूटीए के सदस्यों ने दावा किया कि पोस्टर पुराना है और इसका मौजूदा दौर के विरोध प्रदर्शनों से कोई संबंध नहीं है।

## आर्थिक संकट से जूझ रहा है कोलकाता नगर निगम

❑ **पिछले ढाई महीने से 100 रोजगार योजना के श्रमिकों का बकाया बाकी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** एक बार फिर से कोलकाता नगर निगम आर्थिक तंगी से गुजर रहा है। जानकारी के अनुसार, कर वसूली दर अपेक्षा के अनुरूप नहीं है, इसलिए खजाने की हालत भी खराब है। पिछले ढाई महीने से श्रमिकों का 100 दिनों का वेतन रोके रखने का आरोप है। कोलकाता नगर निगम के सूत्रों के अनुसार, कोलकाता नगर निगम के अंतर्गत 100 दिनों की योजना के तहत काम करने वाले लगभग 14,500 कर्मचारी हैं। नगर निगम उनके वेतन पर प्रति माह लगभग आठ से नौ करोड़ रुपये खर्च करती है। कथित तौर पर, इन 100 दिवसीय श्रमिकों को पिछले ढाई महीने से वेतन नहीं मिला है। परिणामस्वरूप, वे परेशानी में हैं। उन्हें छह से साढ़े छह हजार रुपये प्रतिमाह दिया जाता रहा है। हालांकि, फिलहाल उन्हें वह पैसा भी नहीं मिल रहा है। नगर निगम सूत्रों के अनुसार, वित्तीय संकट इतना गंभीर है कि विभिन्न नगर निगम परियोजनाओं को स्थगित करना पड़ा है। सूत्रों के अनुसार, नगर निगम स्थायी व अस्थायी कर्मचारियों को वेतन तथा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन देने पर प्रति माह लगभग 133 करोड़ रुपये खर्च करती है। लगभग 18,000 स्थायी कर्मचारियों की लागत 780 मिलियन है। लगभग 20,000 अस्थायी कर्मचारियों के लिए लगभग 150 मिलियन की लागत और लगभग 35,000 सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए नगरपालिका का मासिक खर्च 400 मिलियन रुपये है। इसमें से स्थायी कर्मचारियों के वेतन का 85 प्रतिशत हिस्सा राज्य सरकार वहन करती है। शेष 15 प्रतिशत राशि नगरपालिका को वहन करनी होगी। लेकिन अस्थायी कर्मचारियों का पूरा वेतन नगरपालिका को वहन करना पड़ता है।

## ग्लोबल कॉलेज ऑफ फार्मास्युटिकल टेक्नोलॉजी ने जीआईपीसीओएन 2025 की मेजबानी की

**कोलकाता :** ग्लोबल नॉलेज कैंपस की फार्मास्युटिकल शाखा, ग्लोबल कॉलेज ऑफ फार्मास्युटिकल टेक्नोलॉजी ने रियल–टाइम पीसीआर (आरटी–पीसीआर) डायग्नोस्टिक्स पर एक बहु–विषयक कार्यशाला के साथ–साथ वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों पर चर्चा करने के लिए 4 दिवसीय सम्मेलन की मेजबानी की। इस कार्यक्रम में शिक्षाविदों, उद्योग जगत और सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने वायरोलॉजी, औषधि विकास और नैदानिक निदान में आरटी–पीसीआर की परिवर्तनकारी भूमिका पर चर्चा की। ग्लोबल नॉलेज कैंपस के अध्यक्ष नरेश चंद्र दास ने इस बात पर जोर दिया कि ग्लोबल नॉलेज कैंपस में, हम भविष्य के वैज्ञानिकों और स्वास्थ्य पेशेवरों को तैयार करने के लिए नव–ाचार और व्यावहारिक शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए समर्पित हैं।

## हेरिटेज ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशंस में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

❑ **महिलाओं के अधिकार, समानता और सशक्तिकरण पर दिया गया जोर**



**कोलकाता, समाज्ञा :** हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एक पैनल चर्चा का आयोजन किया। यह कार्यक्रम हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स ने 10 मार्च को स्वामी विवेकानंद ऑडिटोरियम में किया। इस पैनल में अभिनेत्री कोनीनिका बनर्जी, फैशन डिजाइनर परमा घोष, आईटीसी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष नंदिनी बसु, सीईएससी लिमिटेड के ईडी एंड सीएचआरओ सुबीर वर्मा, मेकर भवन फाउंडेशन की सीईओ दमयानती भट्टाचार्य, और ईमामी लिमिटेड की कानूनी प्रमुख शगुन तुल्स्यान शामिल थीं। इस दौरान महिलाओं के अधिकार, समानता और सशक्तिकरण पर जोर दिया गया। इस पैनल चर्चा का संचालन हेरिटेज अकादमी के मीडिया विज्ञान विभाग की डीन प्रोफेसर (डॉ.) मधुपा बख्शी ने किया। इस कार्यक्रम में हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के विभिन्न कॉलेजों के छात्रों ने हिस्सा लिया। इसके साथ ही, हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के वरिष्ठ अधिकारियों में बोर्ड सदस्य प्रोफेसर सौविक भट्टाचार्य, सीनियर डायरेक्टर और प्रिंसिपल प्रोफेसर बासब चौधरी, प्रिंसिपल प्रोफेसर गौर बनर्जी और हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सीईओ प्रदीप अग्रवाल ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।।

## सीकर नागरिक परिषद ने श्री विशुद्धानंद विद्यालय में भव्य होली उत्सव का किया आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** सीकर नागरिक परिषद (कोलकाता) द्वारा आयोजित होली उत्सव का भव्य आयोजन रविवार को श्री विशुद्धानंद सरस्वती विद्यालय में संपन्न हुआ। इस अवसर पर गींदड़ ढ़प धमाल और डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ कुंज बिहारी अग्रवाल, धर्मचंद जैन, हरि प्रसाद लोहिया, पवन मोदी, भानीराम सुरेखा, विक्की राज सीकरिया और लता अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम का संचालन मधुसूदन बियानी ने किया। इस आयोजन में महिलाओं द्वारा गींदड़, धमाल, सामूहिक डांडिया प्रतियोगिता, होला स्वांग, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता सहित कई मनोरंजन गतिविधियां प्रस्तुत की गई। विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। परिषद के अध्यक्ष एमिरेट्स घनश्याम प्रसाद सोभासरिया ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से राजस्थान की विलुप्त होती संस्कृति को नई पीढ़ी से जोड़ने और उनमें जागरूकता लाने में सहायता मिलती है। सचिव रवि शंकर सीकरिया ने कहा कि यह आयोजन राजस्थानी संस्कृति, संस्कार और परंपराओं के पुनरुद्धार के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि यह न केवल समाज को एकजुट करता है, बल्कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने में भी सहायक है।

अध्यक्ष अरविंद बियानी ने कार्यक्रम की सफलता के लिए कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में परिषद के कई पदाधिकारी और समाजसेवी उपस्थित रहे, जिनमें संस्था के ट्रस्टी भगवती प्रसाद जालान, उपाध्यक्ष दामोदर प्रसाद बिदावतका, लक्ष्मी कुमार बियानी, कमल प्रसाद चौधरी, रवि लोहिया, विनोद अग्रवाल, काशी प्रसाद धेलिया, श्रीमोहन चौधरी, नवनीत सोढ़ानी, आदित्य विक्रम बियानी, रतन कुमार सीकरिया, राजकुमार अग्रवाल, मनोज मित्तल, संयोजक जगदीश प्रसाद सिंघी, तथा संस्था की महिला विंग की सदस्य संयोजिका सुनीता लोहिया, विभा सीकरिया, रेखा चौधरी, टीना सिंघी, प्रीति बियानी, रश्मि सराफ, अपर्णा शर्मा, मंजू अग्रवाल, चंचल मित्तल और किरण सोढ़ानी भी सक्रिय रूप से इस आयोजन में शामिल रहीं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने इसे एक सफल आयोजन बताया और भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन की इच्छा जताई।

## ग्यारहवीं के नतीजों से पहले ही बारहवीं के छात्रों के लिए आ रहा है बोर्ड का बड़ा फैसला

**कोलकाता :** अब नतीजों के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा! परीक्षा खत्म होने के सात दिनों के भीतर ही फिर से कक्षाएं शुरू हो जाएंगी। उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद ने फैसला किया है कि ग्यारहवीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा के नतीजे घोषित होने तक समय व्यर्थ न करते हुए बारहवीं कक्षा की पढ़ाई शुरू कर दी जाएगी। ग्यारहवीं की वार्षिक परीक्षा 22 मार्च को समाप्त हो रही है, और शिक्षा परिषद ने 1 अप्रैल से ही बारहवीं कक्षा की पढ़ाई शुरू करने की योजना बनाई है। इस नए कदम का उद्देश्य छात्रों को जल्दी से सिलेबस पूरा करवाना और उन्हें पढ़ाई से जोड़े रखना है, ताकि वे समय का सही उपयोग कर सकें। अब तक, ग्यारहवीं की वार्षिक परीक्षा के बाद बारहवीं कक्षा की पढ़ाई केवल परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद ही शुरू होती थी। लेकिन इस बार, उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद इस नियम में बदलाव करने जा रहा है। जल्द ही इस संबंध में एक आधिकारिक अधिसूचना जारी की जाएगी।

### तेज रफ्तार बाइक ने बच्चे को मारी टक्कर, दोनों की हालत गंभीर

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के कसबा शीतलामंदिर मोड़ के पास रात के अंधेरे में सड़क दुर्घटना घटी। जिसमें एक बच्चा समेत दो लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, एक तेज बाइक रुबि की दिशा से गड़िया हाट की ओर जा रही थी। जैसे ही बाइक शीतलामंदिर के पास पहुंची, अचानक नियंत्रण खो बैठी और सड़क पर रखे गार्ड रेल से टकरा गई। घटनास्थल के पास एक श्राद्ध कार्यक्रम चल रहा था, जहां खाना खाने के बाद बच्चा अपने परिवार के साथ बाहर इंतजार कर रहा था। इसी दौरान बेकाबू बाइक पहले सड़क के बैरिकेड से टकराई और फिर सीधे फुटपाथ पर चढ़ गई, जहां खड़ा बच्चा जोरदार टक्कर से घायल हो गया। इसके बाद बाइक लगभग 50 मीटर दूर जाकर गिर गई। हादसे में बच्चा और बाइक चालक दोनों घायल हो गए। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने गंभीर हालत में दोनों को अस्पताल पहुंचाया। खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी।

## गंगाशहर नागरिक परिषद, कोलकाता ने 'रंगोत्सव 2025' का किया भव्य आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** गंगाशहर नागरिक परिषद, कोलकाता द्वारा 'कोलकाता प्रवासी होली प्रीति सम्मेलन – रंगोत्सव 2025' का भव्य आयोजन आई लीड कॉलेज कैंपस, तोप्सिया में किया गया। इस रंगारंग उत्सव में ढप एवं राजस्थानी लोक नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। परिषद परिवार के वरिष्ठ सदस्यों के साथ–साथ युवाओं एवं बाल प्रतिभागियों ने भी पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। राजस्थानी ठंडाई और दाल–बाटी–चूरमा का आनंद लेते हुए सभी ने होली महोत्सव का भरपूर रस–स्वादन किया।

इस अवसर पर राजस्थान सूचना विभाग, कोलकाता के सहायक निदेशक एवं बीकानेर के सुपुत्र हिंगलाजदान रत्नू, परिषद अध्यक्ष प्रदीप चोपड़ा, राजेंद्र सेठिया सहित कई गणमान्य व्यक्तित्वों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। सभी अतिथियों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए अगले वर्ष गंगाशहर में इस होली महोत्सव को वृहद स्तर पर आयोजित करने का आह्वान किया। परिषद के उपाध्यक्ष सुशील चोपड़ा ने हिंगलाजदान रत्नू का परिचय कराया और गंगाशहर परिषद द्वारा गंगाशहर में संचालित सेवा गतिविधियों की जानकारी साझा की। परिषद के मंत्री मनीष सेठिया ने सभी अतिथियों को शुभकामनाएं दीं और पूर्व अध्यक्षों का सम्मान किया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष मदन मरोटी का भी विशेष रूप से अभिनंदन किया गया। हिंगलाजदान रत्नू ने अपने प्रभावशाली मारवाड़ी भाषा के उद्बोधन में राजस्थान की वीरता, भामाशाहों के शिक्षा और सेवा में योगदान तथा महानगर में बसे राजस्थानी मूल के संगठनों द्वारा अपनी परंपराओं और इतिहास को संजोने के प्रयासों की भूरि–भूरि प्रशंसा की। उन्होंने समाज में मेल–मिलाप, आपसी सहयोग एवं सामाजिक चेतना को बढ़ाने में संगठनों की भूमिका की सरहाना की।

विशेष आमंत्रित कथक कलाकार अद्रिजा होली के प्रसंग पर राधा कृष्ण संग होली की प्रस्तुति की, सोनू बावरा का ढप का कार्यक्रम रहा।

इस सफल आयोजन में ज्योति सेठिया और केवा सेठिया ने मंच संचालक की भूमिका निभाई, संयोजक मधुकर चोपड़ा, राजेश चोपड़ा, किशोर भट्टर, संजीव आंचलिया, अशोक भंसाली, ऋषभ डागा और राजेश बैद का भी विशेष योगदान रहा। सभी उपस्थित अतिथियों ने आई लीड कॉलेज के भव्य मंच एवं आयोजन की सराहना की और इसे एक यादगार अनुभव बताया।

## रक्तदान रोगियों की चिकित्सा की दृष्टि से जीवनदान है



**कोलकाता :** श्री माथुरवैश्य नवयुवक सेवा समिति की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर में महिलाओं, युवतियों सहित 66 नागरिकों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। श्री माथुर वैश्य जनहित परिषद के अध्यक्ष सतीश गुप्ता, सचिव सुरेश कौशल, माथुर वैश्य महासभा, पूर्वांचल मंडल के अध्यक्ष राजेन्द्र कपुरवाले एवम अतिथियों ने कहा रक्तदान रोगियों की चिकित्सा की दृष्टि से जीवनदान है। पार्षद संतोष पाठक, मीना पुरोहित, विजय ओझा, पूर्व विधायक संजय बक्शी, स्मिता बक्शी एवम् अतिथियों का स्वागत नवयुवक समिति के अध्यक्ष गोविन्द गुप्ता, सचिव सुमित गुप्ता, राजकुमार, अजय, अमित, मनीष, जयराज, अरविन्द, सनी, अमन, निखिल, सचिन, संयोजक अमित गुप्ता, सह – संयोजक महेश, सिद्धान्त गुप्ता ने किया। डायबिटीज, ब्लड ग्रुप, नेत्र, दांत एवम् स्वास्थ्य परीक्षण, एक्यूप्रेशर चिकित्सा, ई सी जी एवम् खेल के कार्यक्रमों में नवयुवक सेवा समिति के कार्यकर्ता सक्रिय रहते हैं। सेवा शिविर की सफलता के लिये अंजू गुप्ता, सरिता, प्रीति, पिंकी, पवन, विजय, अरुण, शरद, गिरिराज, राजीव बबलू, राजेन्द्र गुप्ता एवम माथुर वैश्य समाज के कार्यकर्त्ता सक्रिय रहे।

## सांतरागाछी रेलवे स्टेशन पर प्रमुख यार्ड पुनर्निर्माण कार्य की योजना

**कोलकाता :** भारतीय रेलवे की महत्वाकांक्षी आधुनिकीकरण योजना के तहत सांतरागाछी रेलवे स्टेशन पर महत्वपूर्ण पुनर्निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। इस परियोजना का उद्देश्य परिचालन दक्षता बढ़ाना और ट्रेन प्रबंधन में सुधार करना है। पुनर्निर्माण में नया स्टेशन भवन, परिसंचरण क्षेत्र, कोना एक्सप्रेसवे से सड़क कनेक्टिविटी, नए प्लेटफार्म, फुट ओवरब्रिज, लिफ्ट, एस्केलेटर, ट्रेवललेटर और अन्य यात्री सुविधाओं का निर्माण शामिल है। वर्तमान में, नए स्टेशन भवन, दो फुट ओवरब्रिज, सीढ़ी, सबवे, पार्किंग, जल आपूर्ति पाइपलाइन और अन्य बुनियादी कार्य पूरे हो चुके हैं। इस स्टेशन से कई मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें शुरू और समाप्त होती हैं, जिससे इसके पुनर्निर्माण की आवश्यकता महसूस की गई। सांतरागाछी–संक्रैल लिंक लाइन के कमीशन के बाद डाउन ट्रेनों को नई लाइन पर भेजा जा सकेगा, जिससे यार्ड में सतही क्रॉसिंग से बचा जा सकेगा। दो अतिरिक्त प्लेटफार्म भी बनाए जा रहे हैं, जिससे हावड़ा/शालीमार स्टेशन की भीड़ कम होगी। इस परियोजना का उद्देश्य ट्रेन संचालन को सुचारू बनाना और यात्री संतुष्टि बढ़ाना है। कार्य पूरा होने के बाद यात्री कम प्रतीक्षा समय और बेहतर यात्रा अनुभव का लाभ उठा सकेंगे।

### पूर्व रेलवे ने बढ़ाई मोबिलिटी, तिलभीटा स्टेशन के पास लेवल क्रॉसिंग गेट को किया बंद

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट्स को सबवे से बदलने की प्रक्रिया को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिससे सुरक्षा में वृद्धि होती है और लेवल क्रॉसिंग पर होने वाली देरी से बचाव होता है। तिलभीटा स्टेशन के पास स्थित लेवल क्रॉसिंग गेट नंबर 40टी को बंद कर दिया गया है और वहां स्थित लिमिटेड हाइट सबवे का उपयोग अब सड़क यातायात के लिए किया जा रहा है। यह लिमिटेड हाइट सबवे 2018 में तैयार हो चुका था, लेकिन स्थानीय निवासियों ने भारी वाहनों के आवागमन की आवश्यकता के कारण इसका विरोध किया था। हाल ही में किए गए ट्रैफिक सर्वेक्षण से यह पाया गया कि औसतन केवल दो वाहन प्रतिदिन रेलवे ट्रैक को पार करते हैं, जिससे यह सिद्ध होता है कि एलएचएस 40 भारी वाहनों के लिए उपयुक्त नहीं है। यह लिमिटेड हाइट सबवे हल्के वाहनों और पैदल यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किया गया था। इसके अलावा, तिलभीटा स्टेशन के दूसरे छोर पर दो अन्य लेवल क्रॉसिंग गेट्स नं. 41टी और 39टी हैं, जो भारी वाहनों के लिए उपयुक्त हैं। इस प्रकार, सड़क और रेल यातायात के लिए पर्याप्त विकल्प उपलब्ध हैं, और तीन लेवल क्रॉसिंग गेट्स की उपस्थिति से सुरक्षा में बाधा उत्पन्न हो सकती थी। अब, एलएचएस 40 के माध्यम से यात्री निर्बाध यात्रा कर सकेंगे।

## पूर्व रेलवे ने विभिन्न स्टेशनों पर लगाए टीआईबी, सीआईबी और वीडियो वॉल्स

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे द्वारा विभिन्न स्टेशनों पर अत्याधुनिक ढांचे की स्थापना की गई है। जिसमें कोच इंडिकेशन बोर्ड, ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड, टावर घड़ियां, वीडियो वॉल्स, एलईडी डिस्प्ले और वीडियो सर्विलांस सिस्टम शामिल हैं। इन सुविधाओं से यात्रियों को अधिक आरामदायक और सुरक्षित यात्रा का अनुभव मिलेगा। नवप्रवर्तित कोच और ट्रेन इंडिकेशन बोर्ड प्रमुख स्टेशनों पर ट्रेन के आगमन और प्रस्थान की वास्तविक समय की जानकारी प्रदान करेंगे। इससे यात्रियों को प्लेटफॉर्म की सही पहचान करने में मदद मिलेगी, जिससे यात्रा का अनुभव और सुगम होगा। इसके अतिरिक्त, कोच इंडिकेशन बोर्ड प्लेटफॉर्म पर ट्रेन के कोचों का सटीक स्थान भी दिखाएंगे, ताकि यात्री सही स्थान पर अपने कोच में चढ़ सकें। फरवरी 2025 में, पूर्व रेलवे ने साहिबगंज और मालदह टाउन स्टेशनों पर 2 आउटडोर और 3 इंडोर वीडियो वॉल्स स्थापित किए, साथ ही मालदह डिवीजन के जमालपुर स्टेशन पर 3 एलईडी डिस्प्ले भी लगाए गए। ये वीडियो वॉल्स और एलईडी डिस्प्ले ट्रेन की जानकारी देने के साथ–साथ मनोरंजन भी प्रदान करते हैं। इसके अलावा, सुरक्षा को और बढ़ाने के लिए रेलवे ने वीडियो सर्विलांस सिस्टमभी स्थापित किया है, जिससे 2337 कैमरे 84 स्टेशनों पर लगाए गए हैं।



## मेट्रो रेलवे ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**कोलकाता :** मेट्रो रेलवे ने आज 10 मार्च 2025 को बेलगछिया ऑडिटोरियम में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। यह कार्यक्रम 8 मार्च की बजाय आज आयोजित किया गया क्योंकि 8 मार्च को निर्धारित अवकाश था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मेट्रो रेलवे द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए उठाए गए कदमों को उजागर करना था।

इस अवसर पर एक इंटरैक्टिव सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने महिला सशक्तिकरण और रोज़मर्रा की चुनौतियों पर अपने विचार साझा किए। इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम एक्सेलेरेट एक्शन पर प्रकाश डालते हुए मेट्रो रेलवे के महाप्रबंधक पी. उदय कुमार रेड्डी ने अपने संबोधन में सभी से लैंगिक समानता प्राप्त करने के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाना समाज की प्रगति को तेज़ गति देने के लिए आवश्यक है।

इस कार्यक्रम में प्रधान वित्तीय सलाहकार अंबिका जैन, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी विनीता जैन सहित सभी वरिष्ठ अधिकारी और विभिन्न विभागों की महिला कर्मचारी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंतर्गत एक सांस्कृतिक प्रस्तुति भी आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिला कर्मचारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रसिद्ध मनोविश्लेषक, समाजसेवी और सबरी हेल्पएज की संस्थापक आरती बी.आर. सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने प्रेरणादायक भाषण में सभी महिला कर्मचारियों को एक उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए प्रेरित किया।

### राज्यपाल के नाम पर ऑनलाइन ठगी, राजभवन ने जारी की चेतावनी

कोलकाता, समाज्ञा

राज्यपाल डॉ. सी.वी. आनंद बोस के नाम पर ऑनलाइन ठगी के



बढ़ते मामलों को देखते हुए राजभवन ने सख्त चेतावनी जारी की है। पता चला है कि ठग सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट बनाकर लोगों से धन ऐंठने की कोशिश कर रहे हैं। राजभवन के प्रवक्ता ने बताया कि इस तरह की धोखाधड़ी की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। कई लोगों ने शिकायत दर्ज कराई है कि उन्हें राज्यपाल के नाम पर फर्जी ऑफर देकर ठगने की कोशिश की गई। प्रवक्ता ने जनता से अपील करते हुए कहा कि यदि किसी को इस तरह की ठगी का शिकार बनाने की कोशिश की जाती है, तो वह तत्काल पुलिस को सूचना दें। किसी भी परिस्थिति में ऐसे फर्जी प्रस्तावों को स्वीकार न करें। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ठग फोन कॉल और व्यक्तिगत संपर्क के जरिए लोगों से संपर्क कर रहे हैं और राज्यपाल से जुड़ी फर्जी योजनाओं या अवसरों का झांसा देकर धोखाधड़ी कर रहे हैं। पहले जब पुलिस को इसकी जानकारी दी गई थी, तब ऐसी घटनाओं में कमी आई थी, लेकिन हाल ही में यह ठगी दोबारा सक्रिय हो गई है। राजभवन ने एक बार फिर राज्यपाल कार्यालय और उनके परिवार से जुड़े सभी लोगों समेत आम जनता से सतर्क रहने और सावधानी बरतने की अपील की है ताकि वे इस तरह की धोखाधड़ी से बच सकें।

# हाईकोर्ट ने बशीरहाट के 21 वकीलों के खिलाफ अवमानना का नियम जारी किया

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाईकोर्ट की एक डिवीजन बेंच ने सोमवार को 21 वकीलों, जिनमें एक लोक अभियोजक भी शामिल हैं, के खिलाफ 'अवमानना का नियम' जारी किया। इन वकीलों पर कोलकाता के एक जिला अदालत के अतिरिक्त न्यायाधीश को कथित रूप से परेशान करने का आरोप है। यह मामला उत्तर 24 परगना जिले की बशीरहाट जिला अदालत में चल रहे एक पॉक्सो अधिनियम से जुड़े मुकदमे की सुनवाई से जुड़ा है। इस सुनवाई के दौरान मामले से



जुड़े वकील, जिनमें लोक अभियोजक भी शामिल थे, अदालत में उपस्थित नहीं हुए। इस पर, संबंधित अतिरिक्त जिला न्यायाधीश ने एक चेतावनी जारी की। इसके बाद, कथित तौर पर, कुछ वकीलों ने उन्हें परेशान किया। इस घटना को लेकर अतिरिक्त जिला न्यायाधीश ने कलकत्ता हाईकोर्ट को सूचित किया। मामला हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति देबांशु बसाक और न्यायमूर्ति शब्बार राशिदी की डिवीजन बेंच के समक्ष सुनवाई में आया। सुनवाई के दौरान अदालत में इस घटना से संबंधित कुछ वीडियो क्लिप्स भी प्रस्तुत किए गए, जिन्हें न्यायाधीशों ने देखा। हाईकोर्ट ने इस मामले पर कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि किसी पॉक्सो मामले की सुनवाई में लोक अभियोजक की अनुपस्थिति अस्वीकार्य है, क्योंकि इससे पीड़ित नबालिग को न्याय दिलाने की प्रक्रिया बाधित होती है। फिलहाल, इन वकीलों के खिलाफ अवमानना का नियम जारी कर दिया गया है। आने वाले दिनों में अदालत इस मामले की सुनवाई करेगी और उसके आधार पर आरोपित वकीलों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई तय की जाएगी। हाईकोर्ट ने संबंधित जिला अदालत के बार एसोसिएशन से आरोपित वकीलों की जानकारी भी मांगी है।

## हर महीने लगभग 21 लाख लोग मां कैंटीन में खाते हैं खाना, परियोजना पर सरकार खर्च कर चुकी है 128 करोड़

❑ विधानसभा में मंत्री फिरहाद हकीम ने पेश किया आंकड़ा

**कोलकाता, समाज्ञा :** नगरपालिका मामलों और शहरी विकास मंत्री फिरहाद हकीम ने सोमवार को विधानसभा में मां कैंटीन के संबंध में आंकड़े पेश किए। उन्होंने कहा कि इस परियोजना की घोषणा 2021 के विधानसभा चुनाव से पहले की गई थी। वर्तमान में, मां कैंटीन ब्लॉक, नगरपालिका और निगम क्षेत्रों में चल रही हैं। इसके अलावा, ये कैंटीन 33 मेडिकल कॉलेजों और जिला अस्पतालों में भी चल रही हैं। मंत्री फिरहाद हकीम ने विधानसभा को बताया कि सात करोड़ से अधिक लोगों ने मां कैंटीन से भोजन लिया है। उनके अनुसार, राज्य में मां कैंटीन



की लोकप्रियता बढ़ रही है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, हर महीने लगभग 21 लाख लोग इस कैंटीन में खाना खाते हैं। अब तक 72.9 करोड़ लोग इस परियोजना का लाभ उठा चुके हैं। राज्य सरकार इस परियोजना पर पहले ही 128 करोड़ रुपये खर्च कर चुकी है।

## फर्जी दस्तावेज के जरिए जमीन हड़पने के आरोप में तृणमूल नेता गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले में फर्जी दस्तावेज बनाकर मृत व्यक्ति की जमीन अपने नाम करवाने के आरोप में तृणमूल नेता जयदेव ओझा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला मछलंदपुर पंचायत नंबर 2 क्षेत्र का है, जहां जयदेव ओझा पूर्व में तृणमूल पंचायत सदस्य रह चुके हैं। आरोप है कि जयदेव ओझा ने फुलतला



मौजा में जगबंधु दत्ता नामक एक मृत व्यक्ति की जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कराकर उसे अपने नाम पर पंजीकृत करा लिया। इस मामले में जनवरी 2025 में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई थी, जिसके बाद पुलिस जांच में जुटी थी। रविवार की दोपहर हाबरा पुलिस ने जयदेव ओझा को गिरफ्तार कर लिया और सोमवार को बारासात अदालत में पेश किया। पता लगाया जा रहा है कि इस जमीन घोटाले में और कौन-कौन शामिल हैं। बताया जा रहा है कि जयदेव ओझा पर करीब डेढ़ बीघा जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार करने का आरोप है। पुलिस अब यह जांच कर रही है कि क्या इस तरह की और भी जमीनों को फर्जीवाड़े से हड़पा गया है और इसमें कोई अन्य प्रभावशाली व्यक्ति भी शामिल है या नहीं।

## जादवपुर कांड में जांच के नाम पर उत्पीड़न! पुलिस की 'अति सक्रियता' के खिलाफ फिर हाईकोर्ट में याचिका

**कोलकाता :** जादवपुर विश्वविद्यालय में हुई अशांति की घटना की जांच के नाम पर पुलिस उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए फिर से कोलकाता हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। यह याचिका एसएफआई समर्थक विद्यार्थी उद्दीपन कुंडु ने दाखिल की है। मामला न्यायमूर्ति तीरथंकर घोष की अदालत में दर्ज किया गया है और मंगलवार को इसकी सुनवाई होने की संभावना है। याचिकाकर्ता का आरोप है कि पुलिस बार-बार जादवपुर विश्वविद्यालय के छात्रों को पूछताछ के लिए बुला रही है। 7 मार्च को भी कई छात्रों को पूछताछ के लिए बुलाया गया था, जहां पुलिस ने उनके मोबाइल फोन मांगे। जब छात्रों ने इसका विरोध किया, तो उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया। याचिकाकर्ता का दावा है कि इसी तरह की घटनाएं लगातार हो रही हैं, और अब उन्हें सोमवार को फिर से तलब किया गया है। पुलिस की इस 'अति सक्रियता' को अनुचित बताते हुए उद्दीपन कुंडु ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है और मामले की त्वरित सुनवाई की अपील की है।

### एसटी प्रमाण पत्र रद्द होने से सरकारी नौकरी जाने का खतरा! व्यक्ति ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया

**कोलकाता :** एसटी प्रमाण पत्र रद्द होने के कारण केंद्रीय सरकारी नौकरी में अवसर गंवाने की आशंका को लेकर एक व्यक्ति ने कोलकाता हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। याचिकाकर्ता के अनुसार, उनका एसटी प्रमाण पत्र वर्ष 2023 में रद्द कर दिया गया था। इसके बाद उन्होंने 2024 में हाईकोर्ट में आवेदन किया। इस वर्ष 31 मार्च को उनकी नौकरी के लिए निर्धारित पुलिस सत्यापन और दस्तावेजों की जांच होनी है। उन्होंने अपनी नौकरी एससी कोटा के तहत प्राप्त की है, लेकिन यदि इस दौरान वह अपना एसटी प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाए, तो उनकी नौकरी खतरे में पड़ सकती है। इस स्थिति में उन्होंने अदालत से हस्तक्षेप की मांग की है। न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा ने मामले की सुनवाई के लिए याचिका स्वीकार कर ली है। माना जा रहा है कि इस सप्ताह ही इस मामले की सुनवाई हो सकती है, हालांकि अभी तक सटीक तारीख की घोषणा नहीं हुई है।


**Name Change**

I, Vikash Kumar Kejriwal, son of Bijai Kumar Kejriwal, residing at 7/3, Bon Behari Bose Lane, Howrah-711101, do hereby solemnly affirm and declare that my son actual name is Arnav Kejriwal DOB 3rd June 2012 mother's name Madhu Priya Kejriwal and Arnav Kejriwal alias Darshan Kejriwal is same boy as per affidavit in the Court of Ld Judicial Magistrate 1st Class at Alipore.

**Name Change**

I, Vikash Kumar Kejriwal, son of Bijai Kumar Kejriwal, residing at 7/3, Bon Behari Bose Lane, Howrah-711101, do hereby solemnly affirm and declare that my son actual name is Dhairya Kejriwal DOB 13th April 2011 mother's name Madhu Priya Kejriwal and Dhairya Kejriwal alias Utkarsh Kejriwal is same boy as per affidavit in the Court of Ld Judicial Magistrate 1st Class at Alipore.

**Press Notice**

e-Tender is hereby invited by the Executive Officer, Barabazar Panchayat Samity, Dist-Purulia vide **Nlet no. 12/BZR/PS of 2024-25/Sl no. 01 to Sl no. 06 dated 07.03.2025** for 06 nos. scheme bearing **Tender Id : 2025_DM_825157_1,2,3,4,5,6** under **BEUP** fund. Online bid submission commences on and from **08.03.2025 at 10.00 Hours** (As per server clock) and will be end on **17.03.2025 at 11.00 Hours** (As per server clock). Necessary details for online bidding will be available in the website wbtenders.gov.in

Sd/-
Executive Officer
Barabazar Panchayat Samity

**Press Notice**

e-Tender is hereby invited by the Executive Officer, Barabazar Panchayat Samity, Dist-Purulia vide **Nlet no. 11/BZR/PS of 2024-25/Sl no. 01 to Sl no. 02 dated 07.03.2025** for 02 nos. scheme bearing **Tender Id : 2025_DM_825139_1,2** under **IMDP** fund. Online bid submission commences on and from **08.03.2025 at 10.00 Hours** (As per server clock) and will be end on **22.03.2025 at 11.00 Hours** (As per server clock). Necessary details for online bidding will be available in the website wbtenders.gov.in

Sd/-
Executive Officer
Barabazar Panchayat Samity


## पश्चिम बंगाल जाट समाज का होली प्रीति सम्मेलन आयोजित





**हावड़ा, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल जाट समाज द्वारा गत रविवार को बीका बैंक्विट हॉल (रंगोली) में होली प्रीति सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हर वर्ष की भांति संगीत, भजन, नृत्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं स्वरुचि भोज का आयोजन किया गया जिसमें जाट समाज के लोगों ने बड़े ही उत्साह और गर्मजोशी से भाग लेकर कलाकारों का हौशला बढ़ाया। इस अवसर पर समाज के प्रसिद्ध समाजसेवी, व्यवसायी, विभिन्न सेवाओं के उच्च पदाधिकारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित होकर राजस्थानी और हरियाणवी कल्चर के भजन और कलाओं का भरपूर आनंद लिया। हरियाणा से आए कलाकरों ने तरह तरह की कला दिखाकर हाल में बैठे लोगो का बहुत मनोरंजन किया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण पूजा डयोसासरा द्वारा गायन एवं नृत्य और बाली मोहनबाडी एंड ग्रुप की प्रस्तुति रही। इस अवसर पर समाज के विभिन्न क्षेत्रों के सम्मानित व्यक्तियों को जाट समाज के तरफ से मोमेंटो और पुष्प हार से सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में समाज के अध्यक्ष मोहन लाल बाना, उपाध्यक्ष रतन लाल पुनिया, सचिव उमेद सिंह चाबरवाल, मीडिया प्रभारी शंकरलाल जाखड़ एवं अन्य ओमप्रकाश ग्वाला, रामचंद्र खेरिया, मदन गोदारा, चेतन डोंगीवाल, हनुमान साहू, जयवीर सिंह कस्वां, रामलाल बिस्सु, विजय नैण, बजरंग लाल जाखड़, मुकेश गोयल, आशीष श्योराण, उमेद सांगवान, प्रदीप मेटर, संदीप भाकर, रामस्वरूप सिंह, किसन कुमार कोठारी, जगवीर सांगवान, आजाद सिंह लाखलाण, जगत सिंह पिलानिया, जयमल चौधरी, किशन कुमार गढ़वाल, विजय पूनिया, धर्मपाल चौधरी, नथाराम जाखड़ आदि का भरपूर सहयोग और योगदान रहा।

### जन्मदिन की पार्टी में बनी थी विकास सिंह को गोली मारने की योजना

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के बेलघरिया में रेलगेट नंबर चार के पास तृणमूल नेता विकास सिंह पर बाइक सवार बदमाशों ने गोलीबारी की थी। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, सर्जरी के बाद उनकी हालत कुछ स्थिर बताई जा रही है। वह स्थानीय पार्षद के करीबी माने जाते हैं। इस घटना में संतू दास नामक एक अन्य व्यक्ति भी घायल हुआ, लेकिन प्रारंभिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने रविवार की रात खड़दह थाना क्षेत्र से विक्की यादव नामक एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला कि हमले में इस्तेमाल की गई बाइक विक्की की थी। मोबाइल टावर लोकेशन के आधार पर उसकी गिरफ्तारी हुई। सोमवार को पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पूछताछ से यह भी सामने आया है कि उसी रात विक्की के जन्मदिन की पार्टी में मुख्य आरोपित इंदल यादव और दो अन्य युवक मौजूद थे।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(नोटिस)/647, दिनांक 06.03.2025** में शुद्धिपत्र, जो पहले मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा प्रकाशित की गई थी, **क्रमांक 1; निविदा संख्याः ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3327;** कार्य का नाम इस प्रकार पढ़ा जाना चाहिए 1) विद्युत (जी) कार्य हावड़ा मंडल में बर्धमान जं.- बालगोना खंड में किमी. 16/1-2 पर समपार संख्या 8/सी/ई के बदले 'सीमित ऊंचाई वाले सबवे (कट और कवर विधि द्वारा) के निर्माण' के संबंध में। 2) विद्युत (जी) कार्य 'सीमित ऊंचाई वाले सबवे (कट और कवर विधि द्वारा) के निर्माण के संबंध में मंडल में बर्धमान जं.- बालगोना खंड में किमी. 11/12-13 पर समपार संख्या 6/सी/टी के बदले'। 3) विद्युत (जी) कार्य हावड़ा मंडल में बर्धमान जं.- बालगोना खंड में किमी. 9/4-5 पर समपार संख्या 4/सी/ई के बदले 'सीमित ऊंचाई वाले सबवे (कट और कवर विधि द्वारा) के निर्माण' के संबंध में। 4) विद्युत (जी) कार्य हावड़ा मंडल में बर्धमान जं.- बालगोना खंड में किमी. 23/7-8 पर समपार संख्या 14/सी/ई के बदले 'सीमित ऊंचाई वाले सबवे (कट और कवर विधि द्वारा) के निर्माण' के संबंध में। 5) विद्युत (जी) कार्य हावड़ा मंडल में बर्धमान जं.- बालगोना खंड में किमी. 21/8-9 पर समपार संख्या 13/सी/ई के बदले सीमित ऊंचाई वाले सबवे (कट और कवर विधि द्वारा) के संबंध में मौजूदा प्रविष्टि के स्थान पर। अन्य नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।
(HWH-660/2024-25)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.ireps.gov.in/ www.er.indianrailways.gov.in/ पर भी उपलब्ध हैं।
हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्याः ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(नोटिस)/648, दिनांकः 07.03.2025।** वरिष्ठ मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **निविदा संख्याः ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3369-आर; कार्य का नामः** 1) एईएन/बीडीसी के तहत बीडीसी (03 नग), एमवाईएम (01 नग) और बीओआई (01 नग) में पाइपलाइन और अन्य सहायक कार्यों के साथ 50000 गैलन क्षमता के आरसीसी ओ.एच. टैंक द्वारा स्टील ओ.एच. टैंक के प्रतिस्थापन के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। 2) एईएन/बीडब्ल्यूएन के तहत बीडब्ल्यूएन (4 नग) में पाइपलाइन और अन्य सहायक कार्यों के साथ 50000 गैलन क्षमता के आरसीसी ओ.एच. टैंक द्वारा स्टील ओ.एच. टैंक के प्रतिस्थापन के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। 3) डीईएन/1/एचडब्ल्यूएच के तहत एलएलएच (02 नग), एसएचई (01 नग) और टीएके (01 नग) में पाइपलाइन और अन्य सहायक कार्यों के साथ 50000 गैलन क्षमता के आरसीसी ओ.एच. टैंक द्वारा स्टील ओ.एच. टैंक के प्रतिस्थापन के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य; **निविदा मूल्यः रु.** 30,65,655.00; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 61,300.00; **कार्य पूर्णता की अवधिः** 180 दिन; **बंद होने की तिथि और समयः** 27.03.2025 को 15:00 बजे। यदि निविदा आमंत्रित करने वाली सूचना में उल्लिखित बंद होने की तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा बंद होने की तिथि में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट पर आवेदन निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि, ऑनलाइन निविदाओं को खोलना निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन पर होगा। निविदा का विवरण वेबसाइटः www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें।
(HWH-659/2024-25)
निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.ireps.gov.in/ www.er.indianrailways.gov.in/ पर भी उपलब्ध हैं।
हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**"दोल जात्रा/होली" के अवसर पर कोलकाता एवं हावड़ा क्षेत्र के तहत कम्प्यूटरीकृत आरक्षण कार्यालय के खुले रहने का समय**

**"दोल जात्रा/होली"** के अवसर पर **कोलकाता** एवं **हावड़ा क्षेत्र** के तहत सभी कम्प्यूटरीकृत आरक्षण कार्यालय **दिनांक 14.03.2025 (शुक्रवार)** को सुबह 08.00 बजे से अपराह्न 2.00 बजे के स्थान पर **अपराह्न 02.00 बजे से शाम 06.00 बजे तक खुले रहेंगे।** हालांकि, हावड़ा, सियालदह एवं कोलकाता टर्मिनल की चालू बुकिंग काउंटरें स्वभाविक रूप से कार्य करेंगी।
**उप मुख्य वाणिज्य प्रबंधक/डीबी**
**पूर्व रेलवे**

**आधुनिक रेल डिब्बा कारख़ाना, रायबरेली**

**सांकेतिक नोटिस**

**विषयः आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में 52 रिक्त पदों पर सेवानिवृत रेलवे कर्मचारियों को संविदा के आधार पर पुनः नियुक्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाये जाने के संबंध में।**
इस कार्यालय के द्वारा जारी समसंख्यक पत्र दिनांक 20.01.2025 के अनुसार आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, लालगंज, रायबरेली के यांत्रिक विभाग, विद्युत विभाग, भंडार विभाग एवं सिविल विभाग में कुल 52 (बावन) रिक्त पदों में संविदा के आधार पर सेवानिवृत रेलवे कर्मचारियों की पुनः नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किये गये थे। जिसके अंतर्गत आवेदन जमा करने अंतिम तिथि **19.03.2025** तक बढ़ा दी गई है तथा अन्य नियम व शर्तें समान रहेंगी। इच्छुक सेवानिवृत रेलवे कर्मचारी उम्मीदवार अपना आवेदन **दिनांक 19.03.2025 सायं 05:30 बजे तक वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी/एन.जी. आरेडिका/रायबरेली** को भेजना सुनिश्चित करें।
**नोटः सेवानिवृत रेलवे कर्मचारियों के पुनः नियुक्ति हेतु सूचना एवं निबंधन की शर्तों से संबंधित विस्तृत जानकारी को आरेडिका की वेबसाइट www.mcf.indianrailways.gov.in पर देखें।**
**No.: MCF/RBL/Re-engagement/Non-Gaz/Retired/Rly.Staff Dated: 04.03.2025**
**वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी/एन.जी.**
**कृते महाप्रबंधक/(कार्मिक)**

**पूर्व रेलवे**

**बिड संख्याः जीईएम/2025/बी/5981655; दिनांकः 05.03.2025** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (ईएनएचएम और एफआरटी), पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के समीप, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **मद श्रेणी:** सेवड़ाफुली जं., श्रीरामपुर, कोननगर, रिसड़ा एनजीटी नामित स्टेशनों और आसपास के क्षेत्रों की बाहरी एजेंसियों द्वारा मशीनीकृत/मैनुअल सफाई के साथ-साथ ट्रैक से कचरा उठाने और VAT के कूड़े-कचरे के निपटान कार्य के लिए कस्टम बोली; **समान श्रेणी:** सफाई, स्वच्छता और कीटाणुशोधन कार्य-परिणाम आधारित; **अनुमानित बोली मूल्य (रु):** 1,40,65,751.57; **ईएमडी विवरण:** सलाहकार बैंक: भारतीय स्टेट बैंक; **ईएमडी राशि (रु):** 2,20,330.00; **अर्बिट्रेशन खण्ड:** नहीं; **मध्यस्थता खण्ड:** नहीं; **अनुबंध अवधि:** 2 वर्ष; **बोली प्रस्ताव वैधता (अंतिम तिथि से):** 90 दिन; **बोली समाप्ति तिथि/समय:** 14.03.2025, 14.00 बजे; **बोली खुलने की तिथि/समय:** 14.03.2025, 14.30 बजे, **कार्यालय का नाम:** हावड़ा मंडल; **बोलीदाता का न्यूनतम औसत वार्षिक कारोबार (3 वर्षों के लिए):** 71 लाख; **समान/समरूप कार्य के लिए पिछले अनुभव की आवश्यक अवधि :** 3 वर्ष; **अनुभव की अवधि और कारोबार के लिए एमएसई छूट:** नहीं; **अनुभव की अवधि और कारोबार के लिए स्टार्टअप छूट:** नहीं; **विक्रेता से आवश्यक दस्तावेज:** अनुभव मानदंड, बोलीदाता कारोबार, प्रमाण पत्र (एटीसी में अनुरोधित) "यदि कोई बोलीदाता अनुभव/कारोबार मानदंड से छूट चाहता है, तो छूट के लिए उसकी पात्रता प्रमाणित करने के लिए सहायक दस्तावेज क्रेता द्वारा मूल्यांकन करने के लिए अवश्य अपलोड किए जाना चाहिए; क्या आप बोलीदाताओं द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेज बोली में भाग लेने वाले सभी बोलीदाताओं को दिखाना चाहते हैं?: हाँ; **आरए के लिए बोली सक्षम:** नहीं; **बोली का प्रकार:** दो पैकेट बोली; **तकनीकी मूल्यांकन के दौरान तकनीकी स्पष्टीकरण के लिए अनुमत समय:** 2 दिन; **मूल्यांकन विधि:** कुल मूल्यवार मूल्यांकन; **ईपीबीजी विवरण: सलाहकार बैंक:** भारतीय स्टेट बैंक; **ईपीबीजी प्रतिशत (%):** 5.00; ईपीबीजी की आवश्यक अवधि (महीना): 30
(HWH-656/2024-25)
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# प.बं. जायसवाल युवा मंच चलता बगान क्षेत्र का होली प्रीति सम्मेलन एवं हास्य कवि सम्मेलन आयोजित



**कोलकाता, समाज्ञा :** प.बं. जायसवाल युवा मंच चलता बगान क्षेत्र द्वारा होली प्रीति सम्मेलन एवं हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन राजाराम मोहन रॉय सरणी स्थित साकेत सेरेमोनियल हाउस में बड़ी ही धूमधाम के साथ किया गया। कार्यक्रम के मध्य, महिला दिवस के उपलक्ष्य में सरोज जायसवाल एवं आशा देवी जायसवाल को विशेष रूप से सम्मानित भी किया गया। आमंत्रित काव्य स्वरों में - नंदलाल रौशन, आलोक चौधरी, अवधेश मिश्र सबरंग, ऊषा जैन, भारती मिश्रा एवं अतिथि कवि सुरेश गुप्ता ने हास्य रस पर अपनी उत्कृष्ट रचनाएं प्रस्तुत कर सभी श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में वार्ड 27 की पार्षद मीनाक्षी गुप्ता एवं समाजसेवी गौतम गुप्ता ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ा दी। अन्य गणमान्य अतिथियों में अवधेश साव, अशोक शाह, रामचंद्र जायसवाल, रौशन जायसवाल, सुमित जायसवाल, मयूर जायसवाल, काली प्रसाद जायसवाल, अखिलेश जायसवाल, देवेन्द्र जायसवाल, गौतम जायसवाल, जयप्रकाश जायसवाल, काली प्रसाद दुबेला, आयूष जायसवाल, रतन जायसवाल, रमेश जायसवाल, अक्षय कुमार जायसवाल, साकेत गुप्ता इत्यादि ने भी उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाया। श्रोताओं के रूप में कृष्णा जायसवाल, विकास जायसवाल, मनोहर जायसवाल,



विनोद जायसवाल, गणेश प्रसाद जायसवाल, उमेश जायसवाल, उमा शंकर जायसवाल, पूजिता जायसवाल, सरिता जायसवाल, विजय कुमार जायसवाल, नारायण, अतिश राय, नितेश आदि भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यकारिणी के होली मिलन समारोह के प्रथम सत्र में मंच संचालन गणेश चन्द्र जायसवाल ने किया एवं हास्य कवि सम्मेलन के दूसरे सत्र में मंच संचालन अवधेश मिश्र सबरंग ने किया। इस कार्यक्रम के दौरान ही कार्यकारिणी की ओर से यह सूचित कर दिया गया कि आगामी 22 मार्च 2025 को प.बं. जायसवाल युवा मंच चलता बगान क्षेत्र की नई कार्यकारिणी का गठन शपथ ग्रहण के साथ किया जाएगा।

## परिवार मिलन के प्रांगण में बसन्तोत्सव की धूम



**कोलकाता, समाज्ञा :** परिवार मिलन द्वारा आयोजित बसन्तोसव के अन्तर्गत 'चंग के रंग आपके संग' का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। महानगर में प्रथम बार महिला ढप समूह सतरंगी के द्वारा एक मोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में सरिता गिड़िया, राजीमति दुगड़, संगीता दुगड़, अनिता दुगड़, पिंकी शर्मा, संगीता घोड़ावत, बबीता चिंडालिया, रंजना बरड़िया एवं पिंकी चौधरी ने अपने ढप और मीठे राजस्थानी लोकगीतों की शानदार प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन संस्था की प्रधान सचिव विनीता मनोत ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन संस्था के पूर्व प्रधान सचिव अंजू गुप्ता ने दिया। कार्यक्रम के सफल संयोजन में सचिव अमित मूंदड़ा, हर्षबर्द्धन टांटिया, राजेन्द्र कानूनगो, राजेश रूंगटा, रोहित व्यास इत्यादि सक्रिय रहे। संस्था अध्यक्ष अरुण चूड़ीवाल, पूर्व अध्यक्ष महाबीर मणक्सिया, विजय झुनझुनवाला, गौरीशंकर अग्रवाल, प्रदीप द्रोलिया, डा. अंजुला बिनायकिया, जगदीश प्रसाद मूंदड़ा तथा अन्य गणमान्य महानुभावों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

## पूर्व रेलवे ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला कर्मचारियों को किया सम्मानित

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न डिवीजनों, कार्यशालाओं और मुख्यालय कार्यालयों की महिला कर्मचारियों का सम्मान किया। यह पुरस्कार वितरण समारोह सोमवार को फेयरली प्लेस स्थित पूर्व रेलवे मुख्यालय के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने दीप जलाकर समारोह की शुरुआत की, जिसमें अतिरिक्त महाप्रबंधक सुमित सरकार, प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी जरिना फिरदौसी और अन्य प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे। इस मौके पर जरिना फिरदौसी ने स्वागत भाषण दिया। इस कार्यक्रम में पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष सीमा देवोस्कर भी उपस्थित रही और महिलाओं के सशक्तिकरण की



प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। महाप्रबंधक ने 33 महिला कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान किए।

इस अवसर पर महाप्रबंधक ने कहा कि महिला कर्मचारी रेलवे का अहम हिस्सा हैं। जिन्होंने किसी भी कार्य को बखूबी निभाया है, चाहे वह इनडोर कार्य हो या आउटडोर, जिसमें सुरक्षा संबंधित कार्य भी शामिल हैं। इस अवसर पर ब्राइडल मेकअप, ड्राइंग और पेंटिंग, और कुकिंग की तीन श्रेणियों में प्रतियोगिता आयोजित की गई। साथ ही महिला सशक्तिकरण के विषय पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ। कार्यक्रम के अंत में ज्योत्सना कुसुमाकर, सीपीओ/प्रशासन ने धन्यवाद ज्ञापित किया।


**पूर्व रेलवे**

**बिड संख्याः जीईएम/2025/बी/6006600; दिनांकः 05.03.2025.** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (ईएनएचएम और एफआरटी), पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के समीप, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए बोली आमंत्रित की जाती हैं: **मद श्रेणी:** बर्द्धमान स्टेशन का 2 वर्ष अर्थात 730 दिनों की अवधि के लिए परिणाम आधारित मशीनीकृत सफाई कार्य के लिए कस्टम बोली; **समान श्रेणी:** सफाई, स्वच्छता और कीटाणुशोधन कार्य-परिणाम आधारित; **अनुमानित बोली मूल्य (रु.):** 2,00,09,892.98; **ईएमडी विवरण: सलाहकार बैंक:** भारतीय स्टेट बैंक; **ईएमडी राशि (रु.):** 2,50,050.00; **अर्बिट्रेशन खंड:** नहीं; **मध्यस्थता खंड:** नहीं; **अनुबंध अवधि:** 2 वर्ष; **बोली प्रस्ताव की वैधता (अंतिम तिथि से):** 90 (दिन); **बोली की समाप्ति तिथि/समय:** 21.03.2025, 14.00 बजे; **बोली खुलने की तिथि/समय:** 21.03.2025 14.30 बजे। **कार्यालय का नाम:** हावड़ा मंडल; **बोलीदाता का न्यूनतम औसत वार्षिक कारोबार (3 वर्षों के लिए):** 101 लाख; **समान/समरूप कार्य के लिए पिछले अनुभव की आवश्यक अवधि :** 3 वर्ष; **अनुभव की अवधि और कारोबार के लिए एमएसई छूट:** नहीं; **अनुभव की अवधि और कारोबार के लिए स्टार्टअप छूट:** नहीं; **विक्रेता से आवश्यक दस्तावेज:** अनुभव मानदंड, बोलीदाता कारोबार, प्रमाण पत्र (एटीसी में अनुरोधित) "यदि कोई बोलीदाता अनुभव/कारोबार मानदंड से छूट चाहता है, तो छूट के लिए उसकी पात्रता प्रमाणित करने के लिए सहायक दस्तावेज क्रेता द्वारा मूल्यांकन करने के लिए अवश्य अपलोड किए जाना चाहिए; **क्या आप बोलीदाताओं द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेज बोली में भाग लेने वाले सभी बोलीदाताओं को दिखाना चाहते हैं?:** हाँ; **आरए के लिए बोली सक्षम:** नहीं; **बोली का प्रकार:** दो पैकेट बोली; **तकनीकी मूल्यांकन के दौरान तकनीकी स्पष्टीकरण के लिए अनुमत समय:** 2 दिन; **मूल्यांकन विधि:** कुल मूल्यवार मूल्यांकन; **ईपीबीजी विवरण: सलाहकार बैंक:** भारतीय स्टेट बैंक; **ईपीबीजी प्रतिशत (%):** 5.00; **ईपीबीजी की आवश्यक अवधि (महीना):** 30
(HWH-658/2024-25)
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## न्यूज इन ब्रीफ

### संभल मस्जिद की बाहरी दीवार की पुताई को लेकर क्या पूर्वाग्रह है : उच्च न्यायालय

**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में स्थित जामा मस्जिद की पुताई के मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सोमवार को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के वकील को विशेष रूप से यह बताने का निर्देश दिया कि मस्जिद की बाहरी दीवार की पुताई को लेकर क्या पूर्वाग्रह है। न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने मस्जिद कमेटी की ओर से जताई गई आपत्ति पर यह निर्देश दिया। मस्जिद कमेटी ने मस्जिद की बाहरी दीवार की पुताई कराने का आग्रह किया है, जिस पर एएसआई की ओर से कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया है। मस्जिद कमेटी के वकील एसएफए नकवी ने कहा कि एएसआई केवल मस्जिद के भीतर की दीवार के बारे में बात कर रहा है। अदालत ने संभल के जिलाधिकारी को वर्ष 1927 में प्रशासन और मस्जिद कमेटी के बीच हुए समझौते की मूल प्रति सुनवाई की अगली तिथि 12 मार्च 2025 को पेश करने का निर्देश दिया। इसी समझौते के तहत मस्जिद एएसआई को सौंपी गई थी।

### गोरखपुर में युवक की हत्या के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले के गोला थाना क्षेत्र में एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर उसके शव को 400 मीटर तक घसीटकर गेहूं के खेत में फेंकने के मामले में पुलिस ने दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सोमवार को बताया कि युवक की हत्या के सिलसिले में दो संदिग्धों अमरदीप शर्मा और जोगिंदर शर्मा को गिरफ्तार किया गया है और अपराध में इस्तेमाल एक चाकू तथा फावड़ा भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, गोला थाना क्षेत्र के खिरकिटा दुबे गांव निवासी सत्यम (24) की शुक्रवार रात चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई थी और उसके शव को 400 मीटर तक घसीटकर गेहूं के खेत में फेंक दिया गया था। उसने बताया कि पुरानी रंजिश से जुड़ी इस हत्या के बाद सत्यम के परिवार ने विरोध-प्रदर्शन किया था और न्याय तथा आर्थिक सहायता की मांग की थी।

# जनप्रतिनिधियों को स्वार्थ से ऊपर उठकर जनकल्याण के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए: योगी



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को इस बात पर जोर दिया कि एक जनप्रतिनिधि को व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर जनकल्याण के लिए गहराई से प्रतिबद्ध होना चाहिए। राजधानी लखनऊ के सरोजनीनगर में आयोजित आभार दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने निस्वार्थ जनसेवा के महत्व पर जोर देते हुए कहा, ''एक संवेदनशील और समर्पित जनप्रतिनिधि बहुत कुछ हासिल कर सकता है। हालांकि, वास्तविक बदलाव लाने के लिए, उसे व्यक्तिगत लाभ से ऊपर उठकर जनकल्याण के लिए खुद को समर्पित करना होगा।'' योगी ने कहा, वर्तमान में हमारी सरकार पूरे उत्तर प्रदेश में 15 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन उपलब्ध करा रही है। निराश्रित महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांग व्यक्तियों सहित 1.04 करोड़ से अधिक गरीब व्यक्तियों को 12,000 रुपये की वार्षिक पेंशन मिल रही है। इसके अलावा, राज्य के 2.5 करोड़ किसान पीएम किसान सम्मान निधि योजना से लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि 56 लाख गरीब परिवारों को घर उपलब्ध कराए गए हैं और नवीनतम बजट में सरकार ने हर वंचित नागरिक के लिए आवास, स्वास्थ्य कार्ड, पेंशन और रोजगार सुनिश्चित करके अगले दो वर्षों के भीतर गरीबी को पूरी तरह से खत्म करने का संकल्प लिया है।

## अपराध की साजिशें जेलों के भीतर रची जाती हैं: झारखंड डीजीपी



**रांची :** झारखंड के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता ने सोमवार को कहा कि ज्यादातर अपराधों की साजिशें जेलों के अंदर रची जाती हैं और उसे आपराधिक गिरोहों की मदद से अंजाम दिया जाता है। गुप्ता की यह टिप्पणी ऐसे समय में आयी है जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायकों ने ''बिगड़ती कानून व्यवस्था'' को लेकर राज्य विधानसभा में हंगामा किया, जिसके कारण प्रश्नकाल नहीं चल सका। गुप्ता ने कहा कि संगठित आपराधिक गिरोहों पर नकेल कसने के लिए झारखंड आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) को लगाया गया है और राज्य भर की जेलों में छापेमारी की जा रही है। उन्होंने राज्य विधानसभा के बाहर संवाददाताओं से कहा, ''अधिकांश अपराधों की साजिशें झारखंड की जेलों के अंदर रची जा रही हैं और आपराधिक गिरोहों की मदद से उन्हें अंजाम दिया जा रहा है। मैंने पुलिस अधीक्षक (एसपी) और एटीएस को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 111 के तहत संगठित अपराधों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।'' उन्होंने कहा कि जेलों के अंदर ऐसी गतिविधियों को रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं और लगातार छापेमारी की जा रही है। डीजीपी ने कहा, ''कल सिमडेगा जेल में और आज हजारीबाग जेल में छापेमारी की गई।''

### नयी परंपरा: लड्डू गोपाल की ओर से उपहार स्वरूप आये रंग से होली खेलेंगे बाबा काशी विश्वनाथ

**वाराणसी (उप्र) :** वाराणासी स्थित बाबा श्री काशी विश्वनाथ इस साल पहली बार मथुरा से लड्डू गोपाल की ओर से उपहार स्वरूप आये अबीर और गुलाल से होली खेलेंगे। मंदिर के अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। काशी विश्वनाथ मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में यह एक नयी परंपरा की शुरुआत होगी। मिश्र ने कहा, ''इस परंपरा के तहत मथुरा में लड्डू गोपाल के लिए काशी विश्वनाथ धाम की तरफ से विशेष उपहार भेजा गया है। बदले में रंग, अबीर और गुलाल सहित प्रसाद काशी विश्वनाथ धाम पहुंच चुका है। इन रंगों से रंगभरी एकादशी और होली मनाई जाएगी।''

### मेडिकल छात्रा का शव छात्रावास के कमरे में फंदे से लटका पाया गया

**बोकारो (झारखंड) :** झारखंड के बोकारो जिले में चिकित्सा की पढ़ाई कर रही 28 वर्षीय छात्रा का शव छात्रावास के उसके कमरे में फंदे से लटका पाया गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि छात्रा ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली क्योंकि वह अपने चुने हुए क्षेत्र से संतुष्ट नहीं थी। छात्रा की पहचान आर्या कुमारी झा के रूप में हुई है। बोकारो शहर के पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) आलोक रंजन ने कहा, ''आर्या के छात्रावास के कमरे से एक सुसाइड नोट बरामद किया गया है जिसमें उसने चिकित्सा विज्ञान की अपनी चयनित शाखा के प्रति असंतोष व्यक्त किया गया है।'' 'डिप्लोमेट ऑफ नेशनल बोर्ड' (डीएनबी) की प्रथम वर्ष की छात्रा आर्या ने हाल ही में बोकारो जनरल अस्पताल के स्त्री रोग पाठ्यक्रम में दाखिला लिया था। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) द्वारा डीएनबी की स्नातकोत्तर डिग्री प्रदान की जाती है। डीएसपी ने कहा, ''उसने कुछ दिन पहले ही डीएनबी पाठ्यक्रम में दाखिला लिया था, लेकिन वह अपने फैसले से संतुष्ट नहीं थी।'' उन्होंने कहा कि जब आर्या के कमरे में उसके साथ रहने वाली छात्रा अपनी ड्यूटी के बाद छात्रावास के कमरे में लौटी, तो उसने पाया कि दरवाजा अंदर से बंद है।

## झारखंड: गढ़वा में पटाखे की दुकान में आग लगने से तीन बच्चों समेत पांच लोगों की मौत



**गढ़वा/रांची :** झारखंड के गढ़वा में पटाखे की एक दुकान में आग लगने से उसकी चपेट में आकर तीन बच्चों समेत कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के बताया कि यह घटना रंका थाना क्षेत्र के गोदरमाना बाजार में हुई। गढ़वा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) दीपक पांडे ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, ''यहां पटाखे की एक दुकान में आग लगने से तीन बच्चों सहित पांच लोगों की मौत हो गई। हम मामले की जांच कर रहे हैं।'' रंका के अनुमंडलीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) रोहित रंजन सिंह ने बताया कि आग दोपहर करीब साढ़े 12 बजे उस समय लगी, जब दुकान में लकड़ी के एक मंच पर पटाखे बेचे जा रहे थे। सिंह ने कहा, ''हम घायलों को पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ के एक अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।'' उन्होंने बताया कि आग लगने के कारण का फिलहाल खुलासा नहीं हो पाया है। इस बीच, राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने घटना में लोगों की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया।

# मंत्रिमंडल की बैठक में लगी कुल 19 प्रस्तावों पर मुहर

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल की सोमवार को हुई बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। मंत्रिमंडल के समक्ष कुल 19 प्रस्ताव आए और उन सभी को स्वीकृति प्रदान की गई। प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने संवाददाताओं को मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि केंद्र सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपए प्रति क्विंटल की दर से उत्तर प्रदेश में आगामी 17 मार्च से 15 जून तक गेहूं की खरीद की जाएगी।

### यूपी के वित्त मंत्री ने साझा की जानकारी

उन्होंने बताया कि इसके लिए खाद्य विभाग की विपणन शाखा समेत कुल आठ खरीद एजेंसियों द्वारा पूरे राज्य में 6500 क्रय केंद्र स्थापित किए जाएंगे। किसानों को मूल्य समर्थन योजना का ज्यादा से ज्यादा फायदा दिलाने के उद्देश्य से किसानों का गेहूं न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदना सुनिश्चित किया जाएगा।

वित्त मंत्री ने बताया कि मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए एक अन्य निर्णय में बलिया जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए नि:शुल्क जमीन का स्थानांतरण करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गयी है।

उन्होंने बताया कि जिला कारागार की 14।05 एकड़ जमीन को चिकित्सा शिक्षा विभाग को निशुल्क हस्तांतरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इनमें से 12।39 एकड़ जमीन पर मेडिकल कॉलेज बनेगा और लगभग दो एकड़ जमीन का सौंदर्यीकरण करके उस पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चित्तू पांडे का स्मारक बनाया जाएगा। उनके नाम पर ही प्रस्तावित मेडिकल कॉलेज का नामकरण किया जा सकता है।

खन्ना ने बताया कि मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए एक अन्य निर्णय के अनुसार बुलंदशहर में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना के लिए राजकीय कृषि विद्यालय के नाम दर्ज भूमि को चिकित्सा शिक्षा विभाग के पक्ष में नि:शुल्क हस्तांतरित किए जाने के प्रस्ताव को अनुमोदन दिया गया है।

### डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर को मिली मंजूरी

खन्ना ने बताया कि मंत्रिमंडल ने डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड के तहत राजधानी में डीटीआईएस की स्थापना के लिए 0।8 हेक्टेयर भूमि निशुल्क दिए जाने से संबंधित एक प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि 94 लाख 19 हजार 120 मूल्य की इस जमीन पर डीटीआईएस फैसिलिटी का विकास एक संयुक्त जांच केंद्र के रूप में होगा जिसका इस्तेमाल डिफेंस कॉरिडोर लखनऊ नोड के तहत स्थापित रक्षा इकाइयों द्वारा अपने उत्पादों का परीक्षण एवं प्रमाणन करने के लिए किया जाएगा।

## बिहार में मानव तस्करी रैकेट का भंडाफोड़, 45 नगालिगों को बचाया गया

**पटना/सासाराम :** बिहार पुलिस द्वारा हाल ही में चलाए गए मानव तस्करी निरोधक अभियान में 42 लड़कियों समेत कुल 45 बच्चों को बचाया गया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। रोहतास जिले (सासाराम) के पुलिस अधीक्षक रोशन कुमार ने बताया कि पिछले सप्ताह 'ऑपरेशन नटराज' के तहत जिले में कई स्थानों पर छापेमारी की गई थी। उन्होंने कहा, एक गैर सरकारी संगठन ने अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (सीआईडी) अनिल कुमार जैन को सूचना दी थी कि नाबालिगों को, जिनमें से अधिकतर राज्य के बाहर से हैं, कई तथाकथित ऑर्केस्ट्रा पार्टियों द्वारा काम पर रखा जा रहा है, जो शादियों और अन्य सार्वजनिक समारोहों में प्रस्तुति देते हैं।

## आरा में दिनदहाड़े तनिष्क ज्वेलरी शोरूम में 25 करोड़ की लूट, मुठभेड़ में दो बदमाश घायल



**आरा :** बिहार के आरा में अपराधियों ने दिनदहाड़े बड़ी वारदात को अंजाम दिया. शहर के गोपाली चौक स्थित तनिष्क ज्वेलरी शोरूम से करीब 25 करोड़ रुपये के गहनों की लूट कर अपराधी फरार हो गए. 8-10 की संख्या में आए बदमाशों ने 30 मिनट तक तांडव मचाया और शोरूम में मौजूद कर्मचारियों को बंधक बनाकर लूटपाट की.इस घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई. बताया जा रहा है कि आरा-छपरा मुख्यमार्ग पर बबुरा के पास अपराधी और पुलिस में मुठभेड़ हुई. जिसमें दो बदमाश जख्मी हो गए. जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है. लूट की यह वारदात शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई. फुटेज में साफ दिखाई दे रहा है कि बदमाश दो-दो के ग्रुप में शोरूम में घुसे और अंदर जाते ही हथियार निकालकर सभी को धमकाया. उन्होंने स्टाफ को बंधक बना लिया और शोरूम में रखे सोने, चांदी और हीरे के गहनों को बैग में भरकर फरार हो गए.

### बस्ती में सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत, तीन घायल



**बस्ती :** बस्ती नगर में सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर ट्रक की टक्कर लगने से कार सवार पांच लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब सात बजे शहर थाना क्षेत्र के गोटवा टाटा एजेंसी के पास हुई। बस्ती से अयोध्या की ओर जा रहा एक ट्रक अचानक लेन बदलने से विपरीत दिशा से आ रही एक कार से टकरा गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में कार सवार पांच लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी तत्काल पहचान नहीं हो सकी है। हादसे की वजह से राजमार्ग की एक लेन पर यातायात बाधित हुआ, लेकिन बाद में इसे बहाल कर दिया गया।

समीक्षा

# धर्म-अध्यात्म

## व्रत - त्यौहार

11.03.2025 : श्री नृसिंह द्वादशी, प्रदोष व्रत
13.03.2025 : होलिका दहन
14.03.2025 : फाल्गुन पूर्णिमा, काशी में होली
15.03.2025 : काशी से अन्यत्र होली
16.03.2025 : संत तुकाराम जयंती

## आज मार्च का पहला प्रदोष व्रत? जानें पूजा का शुभ मुहूर्त, मंत्र और शुभ योग

हिंदू धर्म में प्रदोष व्रत को अत्यंत शुभ माना गया है। यह व्रत प्रत्येक माह में कृष्ण पक्ष और शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को रखा जाता है। इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की विधिपूर्वक पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस व्रत को श्रद्धा और विधि पूर्वक करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन की अनेक परेशानियों से मुक्ति मिलती है।

प्रदोष व्रत का नाम उस वार के आधार पर रखा जाता है जिस दिन यह पड़ता है। यदि यह मंगलवार को हो, तो इसे भौम प्रदोष व्रत कहा जाता है। इसे मंगल ग्रह से जुड़े दोषों को दूर करने और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा लाने के लिए विशेष रूप से प्रभावी माना जाता है।

### भौम प्रदोष व्रत की तिथि और समय

दृक पंचांग के अनुसार यह तिथि 11 मार्च की सुबह 08:13 बजे से शुरू होकर 12 मार्च की सुबह 09:11 बजे तक रहेगी। हालांकि प्रदोष व्रत 11 मार्च को ही रखा जाएगा, क्योंकि प्रदोष काल की पूजा का विशेष महत्व होता है।

### पूजा का शुभ मुहूर्त

शास्त्रों के अनुसार प्रदोष व्रत की पूजा संध्याकाल में करना सबसे उत्तम माना गया है। इस दिन पूजा का शुभ समय शाम 06:27 बजे से 08:53 बजे तक रहेगा। इस समय भगवान शिव की आराधना करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है।

### भौम प्रदोष व्रत मंत्र

भगवान शिव की कृपा पाने के लिए इन मंत्रों का जाप किया जा सकता है:

ॐ नमः शिवाय

ऊं आशुतोषाय नमः

ऊं नमो धनदाय स्वाहा

ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्

ऊं ह्रीं नमः शिवाय ह्रीं ऊं

### दो शुभ योग का संयोग

इस वर्ष भौम प्रदोष व्रत के दिन सुकर्मा योग और सर्वार्थ सिद्धि योग बन रहे हैं। सुकर्मा योग शुभ कार्यों की सिद्धि में सहायक होता है। सर्वार्थ सिद्धि योग समस्त मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए उत्तम माना जाता है। इन शुभ योगों में की गई पूजा अधिक फलदायी मानी जाती है।

### भौम प्रदोष व्रत का महत्व

धार्मिक ग्रंथों के अनुसार यह व्रत अत्यंत पुण्यदायी माना गया है। इसे करने से आर्थिक समस्याओं का समाधान होता है, मंगल ग्रह से जुड़े दोष कम होते हैं और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है। विशेष रूप से वे लोग जो कर्ज, धन संकट या किसी अन्य आर्थिक परेशानी से जूझ रहे हैं, उनके लिए यह व्रत अत्यंत लाभकारी होता है।



## भद्रा और चंद्र ग्रहण के साए में होली का त्योहार, जानें होलिका दहन का मुहूर्त



वर्तमान में फाल्गुन माह जारी है, जो हिंदी संवत का अंतिम महीना होता है। इसे प्रेम और रंगों का माह कहा जाता है, क्योंकि इस महीने में महाशिवरात्रि और होली जैसे बड़े पर्व मनाए जाते हैं। इन दोनों ही त्योहारों का इंतजार सभी को साल भर होता है। इस दौरान महाशिवरात्रि को जहां रिश्तों में प्रेम और विश्वास बढ़ाने का अवसर कहा जाता है, वहीं होली सभी तरह की बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इस दिन हर व्यक्ति अपने मन से सभी तरह के गिले शिकवे को दूर करते हुए पवित्र रंगों में रंगता है। धार्मिक ग्रंथों में इसे समाज में एकता को बढ़ावा और घरों से नकारात्मक शक्तियों को समाप्त करने का दिन कहा जाता है।

पंचांग के अनुसार इस बार 13 मार्च 2025 की शाम को होलिका दहन किया जाएगा। परंतु ज्योतिषियों के मुताबिक इस साल होली पर भद्रा और चंद्र ग्रहण का साया बना हुआ है। अब सवाल यह है कि ऐसे में होलिका दहन का शुभ मुहूर्त क्या होगा ? आइए इसके बारे में जानते हैं....

### होलिका दहन पर भद्रा का साया

पंचांग के मुताबिक इस बार फाल्गुन माह की पूर्णिमा तिथि 13 मार्च को सुबह 10 बजकर 35 मिनट पर शुरू होगी। इसका समापन 14 मार्च को सुबह 12:23 मिनट पर है। ऐसे में 13 मार्च को होलिका दहन किया जाएगा। ज्योतिष गणना के अनुसार होलिका दहन पर भद्रा का साया बना हुआ है। इस दिन सुबह 10 बजकर 35 मिनट से लेकर रात 11 बजकर 26 मिनट तक भद्रा रहेगी। ऐसे में 13 मार्च 2025 को रात 11:26 मिनट से 12:30 मिनट तक होलिका दहन के लिए शुभ समय रहने वाला है।

### होलिका दहन पंचांग

राहुकाल- 14:00-15:29 मिनट तक

अभिजीत मुहूर्त-12:07-12:54 मिनट तक

अमृतकाल- 23:19-25:04 मिनट तक

सूर्य-कुम्भ

चन्द्रमा-सिंह

### होली पर चंद्र ग्रहण

ज्योतिषियों के मुताबिक 13 मार्च 2025 को होलिका दहन के बाद अगले दिन यानी 14 मार्च 2025 को होली खेली जाएगी। लेकिन इस दिन चंद्र ग्रहण का साया बना हुआ है। आपको बता दें 14 मार्च 2025 को सुबह 9 बजकर 29 मिनट से चंद्र ग्रहण लगने जा रहा है, जो दोपहर 3:29 मिनट तक रहेगा। लेकिन भारत में यह चंद्र ग्रहण नहीं नजर आएगा, इसलिए इसका सूतक काल भी मान्य नहीं होगा।

### होली का पंचांग

सूर्य-मीन

चन्द्रमा-कन्या

राहुकाल-11:01-12:30 मिनट तक

अभिजीत मुंहुर्त-12:06-12:54 मिनट तक

दुर्मुहुर्त:08:56:03-09:43:43 मिनट तक

दुर्मुहुर्त:12:54:23-13:42:04 मिनट तक

वर्ज्य:14:17:46-16:04:05 मिनट तक

अमृतकाल- 24:55-26:41 मिनट तक

### शुभ योग

इस साल होलिका दहन के दिन पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र के साथ धृति योग का निर्माण हो रहा है। वहीं 14 मार्च को काशी में होली एवं काशी से अन्यत्र होली 15 मार्च को खेली जायेगी।

## होलिका दहन की अग्नि में डालें ये 10 चीजें, मिलेगी सुख-समृद्धि और रोगों से मुक्ति

होलिका दहन का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। धार्मिक मान्यता के अनुसार होलिका दहन की अग्नि में कुछ विशेष वस्तुएं डालने से नकारात्मक ऊर्जा नष्ट होती है और सुख-समृद्धि प्राप्त होती है। इसके साथ ही कुछ चीजें डालने से स्वास्थ्य लाभ भी मिलते हैं और दांपत्य जीवन में प्रेम बढ़ता है।

### 1. नारियल

होलिका दहन की अग्नि में नारियल अर्पित करना शुभ माना जाता है। इसे देवी-देवताओं का प्रिय फल माना गया है। नारियल जलाने से जीवन में आने वाली बाधाएं दूर होती हैं और समृद्धि बढ़ती है। साथ ही, यह नकारात्मक ऊर्जा को समाप्त करता है।

### 2. गेहूं और जौ

प्राचीन परंपरा के अनुसार, होलिका दहन में गेहूं और जौ की बालियां डालने से घर में अन्न में वृद्धि होती है। इससे धन की कमी दूर होती है और घर में सुख-शांति बनी रहती है।

### 3. काले तिल

होलिका दहन की अग्नि में काले तिल अर्पित करने से शनि दोष और राहु-केतु के नकारात्मक प्रभाव कम होते हैं। साथ ही, यह बुरी नजर से बचाव का भी प्रभावी उपाय है।

### 4. गूलर की लकड़ी

गूलर के वृक्ष को धार्मिक दृष्टि से पवित्र माना जाता है। इसकी लकड़ी को होलिका दहन की अग्नि में डालने से आर्थिक तंगी दूर होती है और देवी लक्ष्मी की कृपा प्राप्त होती है। यह उपाय व्यापार में उन्नति के लिए भी शुभ माना जाता है।

### 5. गोबर से बने उपले (कंडे)

होलिका दहन में गोबर से बने उपले जलाने का विशेष महत्व है। इससे वातावरण शुद्ध होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। साथ ही, यह घर में सुख-समृद्धि और शांति बनाए रखने में सहायक होता है। गोबर प्राकृतिक रोगनाशक भी माना जाता है, जिससे वातावरण में मौजूद हानिकारक जीवाणु नष्ट होते हैं।

### 6. लौंग और इलायची

होलिका दहन में लौंग और इलायची डालने से नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है और घर में सुख-शांति आती है। यह उपाय ग्रह दोषों को शांत करने में भी सहायक माना जाता है।

### 8. चंदन की लकड़ी

होलिका दहन की अग्नि में चंदन अर्पित करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और रोगों से मुक्ति मिलती है। इसकी सुगंध वातावरण को शुद्ध करती है और मानसिक शांति प्रदान करती है।

### 9. कपूर, लौंग एवं पान का पत्ता

कपूर को जलाने से वातावरण शुद्ध होता है और बुरी शक्तियां दूर होती हैं। लौंग और पान का पत्ता होलिका दहन में डालने से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां कम होती हैं और यह नकारात्मक ऊर्जा को समाप्त करने में सहायक होता है।

### 10. हवन सामग्री

होलिका दहन में हवन सामग्री डालने से वैवाहिक जीवन में सुख-शांति बनी रहती है। यह उपाय पति-पत्नी के बीच प्रेम और आपसी समझ बढ़ाने में सहायक होता है। इसके अलावा, हवन सामग्री से वातावरण भी पवित्र होता है।

# मेरी मॉरीशस यात्रा द्विपक्षीय संबंधों में 'नया एवं उज्ज्वल अध्याय' जोड़ेगी : प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** मॉरीशस की दो दिवसीय यात्रा पर रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि उनकी यह यात्रा दोनों देशों के बीच संबंधों में एक ''नया और उज्ज्वल'' अध्याय जोड़ेगी। मोदी 11 और 12 मार्च को मॉरीशस की यात्रा पर रहेंगे। वह मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम के न्योते पर इस यात्रा पर जा रहे हैं। वह मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मेहमान होंगे। मॉरीशस का राष्ट्रीय दिवस 12 मार्च को है। मोदी ने मॉरीशस रवाना होने से पहले जारी एक बयान में कहा, ''मैं अपने सागर विजन के हिस्से के



रूप में, अपने लोगों की प्रगति और समृद्धि के साथ-साथ हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षा और विकास के लिए अपनी स्थायी मित्रता को मजबूत करने तथा अपने सभी पहलुओं में अपनी साझेदारी को बढ़ाने के लिए मॉरीशस नेतृत्व के साथ जुड़ने के अवसर की प्रतीक्षा में हूं।'' 'सागर' से आशय 'सेक्युरिटी एंड ग्रोथ फॉर ऑल इन द रीजन' (क्षेत्र में सबके लिये सुरक्षा और विकास) से है। भारतीय सशस्त्र बलों की एक टुकड़ी, भारतीय नौसेना का एक युद्धपोत और भारतीय वायु सेना की आकाश गंगा 'स्काईडाइविंग टीम' (मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस) समारोह में भाग लेगी।

## प्रधानमंत्री मोदी ने गरिमेला बालकृष्ण प्रसाद के निधन पर शोक जताया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को प्रसिद्ध शास्त्रीय संगीतकार गरिमेला बालकृष्ण प्रसाद के निधन पर शोक जताया और कहा कि उन्हें एक प्रतिभाशाली संगीतकार के रूप में हमेशा याद किया जाएगा। गरिमेला का रविवार को आंध्र प्रदेश के तिरुपति में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया था। वह 76 वर्ष के थे। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में कहा, ''गरिमेला बालकृष्ण प्रसाद के निधन से दुखी हूं। उनकी भावपूर्ण प्रस्तुतियों और हृदयस्पर्शी गीतों ने अनगिनत दिलों को छुआ, हमारी समृद्ध आध्यात्मिक और संगीत विरासत को संरक्षित और सम्मानित किया। उन्हें सदा एक प्रतिभाशाली संगीतकार के रूप में याद किया जाएगा। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना।''

## ओडिशा में 10 वर्षों में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 118 माओवादी मारे गए: मुख्यमंत्री

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने सोमवार को विधानसभा में बताया कि पिछले 10 वर्षों में राज्य में सुरक्षा बलों की कार्रवाई में 118 माओवादी मारे गए हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक कन्हाई चरण डांगा के एक प्रश्न के लिखित उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा, 2015 से 25 जनवरी 2025 तक पिछले 10 वर्षों में राज्य में सुरक्षा बलों की कार्रवाई में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-माओवादी (भाकपा-माओवादी) के 118 कैडर मारे गए हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा ओडिशा पुलिस ने छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ संयुक्त माओवादी विरोधी अभियान में एक केंद्रीय समिति सदस्य सहित 17 माओवादियों को सफलतापूर्वक मार गिराया। उन्होंने बताया कि पिछले 10 सालों में राज्य में कुल 315 माओवादी और माओवादी गतिविधियों में शामिल लोगों को



गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा, 238 माओवादियों और मिलिशियाओं ने आत्मसमर्पण किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2026 तक ओडिशा को माओवादी खतरे से मुक्त करने के लिए विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं। माझी ने बताया कि माओवादी गतिविधियों और आंदोलनों का सामना करने के वास्ते राज्य में माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा को बढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### दिल्ली पुलिस में 8,567 पद रिक्त: संसदीय समिति

**नयी दिल्ली :** संसद की एक समिति ने दिल्ली पुलिस में रिक्त पदों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि इसमें 8,500 से अधिक कर्मियों की कमी है, जिससे इसका कामकाज काफी चुनौतीपूर्ण हो गया है। समिति के अनुसार, दिल्ली पुलिस में 94,257 स्वीकृत पदों के मुकाबले 85,690 कर्मी हैं, जिस कारण 8,567 पद रिक्त हैं। गृह मामलों पर संसद की स्थायी समिति ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा कि दिल्ली पुलिस को मौजूदा रिक्तियों को भरने के लिए भर्ती प्रक्रिया में तेजी लानी चाहिए।

### तृणमूल के सौगत रॉय संसद परिसर में बीमार हुए, अस्पताल ले जाया गया

**नयी दिल्ली :** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सौगत रॉय को सोमवार को अस्वस्थ होने के बाद संसद परिसर से राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) अस्पताल ले जाया गया। सौगत रॉय लोकसभा में एक विधेयक पर चर्चा में शामिल हुए थे लेकिन उसके बाद वह अस्वस्थ हो गए। संसद के कर्मियों ने उन्हें एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। आरएमएल अस्पताल के अतिरिक्त चिकित्सा अधीक्षक डॉ मनोज झा ने बताया, ''उन्हें थोड़ी देर पहले लाया गया। उनकी पीठ में दर्द था और उन्हें थोड़ा पसीना आ रहा था।'' उन्होंने बताया, ''उन्हें नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। चिकित्सकों की एक टीम उनकी जांच कर रही है। उनके स्वास्थ्य की जांच की जा रही है।''

### राज्यसभा में उपाध्यक्ष पैनल का पुनर्गठन किया गया, चार महिला समेत आठ सदस्य

**नयी दिल्ली :** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को उच्च सदन के लिए उपाध्यक्ष पैनल का पुनर्गठन किया और इसमें महिलाओं को समान हिस्सेदारी दी गयी है। उपसभापति हरिवंश ने उच्च सदन में यह घोषणा की। पुनर्गठित पैनल में आठ सदस्य हैं जिनमें चार महिलाएं हैं। इसमें अधिकतर सदस्य सत्ताधारी दल से हैं। इस पैनल में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की सुनेत्रा अजीत पवार, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की इंदु बाला गोस्वामी, किरण चौधरी, संगीता यादव, भाजपा के ही घनश्याम तिवाड़ी, कांग्रेस के राजीव शुक्ल, वाईएसआर कांग्रेस के एस निरंजन रेड्डी और द्रविड़ मुनेत्र कषगम के पी विल्सन शामिल हैं। उपसभापति हरिवंश ने सदन को यह सूचित भी किया कि 13 मार्च (बृहस्पतिवार) को उच्च सदन की बैठक नहीं होगी। अगले दिन 14 मार्च को होली है।

NAME CHANGE

I, Nilam Vikram Jagtap (Old Name) wife of Vikram Jayawant Jagtap, residing at ROYALSTONE, RESI, CHINCHWADE VAL-HEKARWADI, SR NO-128-129, FL NO-11, PUNE, PIN-411019, INDIA, have changed my name and shall henceforth be known as Neelam Vikram Jagtap (New Name) as declared before the Notary Public at Kolkata, dated 10/03/2025. Neelam Vikram Jagtap (New Name) and Nilam Vikram Jagtap (Old Name) both are same and identical person.

## महाकुंभ में स्नान के लिए उपयुक्त था गंगा जल: सरकार ने लोकसभा में कहा

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने सोमवार को लोकसभा में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की एक नयी रिपोर्ट का हवाला दिया और कहा कि हाल में संपन्न महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में त्रिवेणी संगम पर गंगा का पानी स्नान के लिए उपयुक्त था। सरकार ने यह भी कहा कि उसने 2022-23, 2023-24 और 2024-25 (9 मार्च तक) में गंगा की सफाई के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) को कुल 7,421 करोड़ रुपये प्रदान किए हैं। समाजवादी पार्टी के सांसद आनंद भदौरिया और कांग्रेस सांसद के. सुधाकरन के प्रश्न के लिखित जवाब में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि सीपीसीबी की रिपोर्ट के अनुसार, निगरानी वाले सभी स्थानों पर पीएच , घुलित ऑक्सीजन (डीओ), जैव रासायनिक ऑक्सीजन मांग (बीओडी) और फीकल कॉलीफॉर्म (एफसी) के औसत मान स्नान के लिए स्वीकार्य सीमा के भीतर थे। डीओ पानी में ऑक्सीजन की मात्रा को दर्शाता है, बीओडी कार्बनिक पदार्थों को तोड़ने के लिए आवश्यक ऑक्सीजन को मापता है, वहीं एफसी जलमल का सूचक है। ये जल गुणवत्ता के प्रमुख संकेतक हैं। सीपीसीबी ने 3 फरवरी की एक रिपोर्ट में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को सूचित किया था कि महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में कई स्थानों पर पानी उच्च फीकल कॉलीफॉर्म स्तर के कारण प्राथमिक स्नान जल गुणवत्ता मानक को पूरा नहीं करता।

## केंद्रीय विद्यालयों में दाखिले के लिए सांसद कोटा फिर शुरू करने का कोई प्रस्ताव नहीं : प्रधान

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को लोकसभा में बताया कि केंद्रीय विद्यालयों में दाखिले के लिए सांसद कोटा को फिर से शुरू करने का कोई प्रस्ताव फिलहाल सरकार के विचाराधीन नहीं है। उन्होंने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा, ''केंद्रीय विद्यालय संगठन ने सांसद कोटा सहित कुछ विशेष प्रावधानों को वापस ले लिया, जो कक्षा की स्वीकृत सीट संख्या के अतिरिक्त था और छात्रों की शिक्षा को प्रभावित कर रहा था।'' प्रधान ने कहा, ''यह कोटा कक्षा की स्वीकृत सीट संख्या से अतिरिक्त था और इसलिए बेहतर छात्र-शिक्षक अनुपात (पीटीआर) को बनाए रखते हुए प्रणाली में गुणात्मक परिवर्तन लाने और राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के दृष्टिकोण के अनुरूप वांछित शिक्षण परिणाम प्राप्त करने के लिए इन्हें समाप्त कर दिया



गया।'' पूर्व में विशेष प्रावधानों के तहत प्रत्येक सांसद को किसी केंद्रीय विद्यालय में 10 बच्चों के दाखिले के लिए सिफारिश करने का विशेषाधिकार प्राप्त था। यहां तक कि जिलाधिकारी को भी प्रायोजक प्राधिकरण कोटे के तहत 17 छात्रों के प्रवेश के लिए सिफारिश करने की शक्ति थी। लोकसभा के 543 और राज्यसभा के 245 सदस्य इस कोटे के तहत एक साल में कुल 7,880 बच्चों के दाखिले की सिफारिश कर सकते थे। केंद्र सरकार ने 2022 में यह कोटा खत्म कर दिया।

## मैरिको इनोवेशन फाउंडेशन ने 2025 में सात क्रांतिकारी इनोवेटर्स को किया सम्मानित




**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत में नवाचार को बढ़ावा देने वाले प्रमुख संगठन, मैरिको इनोवेशन फाउंडेशन (एमआईएफ) ने जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में इंडियन इनोवेशन आइकॉन्स 2025 के 10वें संस्करण का आयोजन किया। इस समारोह में, दो चयन प्रक्रियाओं के बाद, सात नवप्रवर्तकों को उनके अद्वितीय आविष्कारों और तकनीकी समाधानों के लिए सम्मानित किया गया। ये नवप्रवर्तक उद्योगों और समाज में बड़े बदलाव लाने के लिए अपनी खोजों का उपयोग कर रहे हैं। इस वर्ष बिजनेस कैटेगरी के विजेताओं में एस्ट्रोम टेक्नोलॉजीज, चारा टेक्नोलॉजीज, इंद्रा वाटर और स्कायरूट एयरोस्पेस शामिल हैं, जबकि सोशल कैटेगरी में असिस्टेक फाउंडेशन, रॉकेट लर्निंग और पीपल्स आर्काइव ऑफ रूरल इंडिया को सम्मानित किया गया। इस मौके पर, मैरिको लिमिटेड के चेयरमैन और मैरिको इनोवेशन फाउंडेशन के संस्थापक हर्ष मैरिवाला ने कहा, हमने हमेशा उभरते क्षेत्रों के नवप्रवर्तकों को पहचानने और सम्मानित करने का प्रयास किया है। इस आयोजन ने यह भी स्पष्ट किया कि नवाचार न केवल तकनीकी बदलाव बल्कि सामाजिक समानता और समावेशिता के लिए भी महत्वपूर्ण है।

## आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के जश्न के दौरान महू और गांधीनगर जिले में हिंसा

**महू/गांधीनगर :** आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय क्रिकेट टीम की जीत के जश्न के दौरान मध्यप्रदेश के महू शहर और गुजरात के गांधीनगर जिले में हिंसा की घटना के परिणामस्वरूप दोनों राज्यों में अशांति पैदा हो गई और कई लोगों को गिरफ्तार किया गया। इंदौर जिले के महू में रविवार रात को जश्न मना रही रैली पर पथराव की घटनाओं के बाद पुलिस ने 13 लोगों को गिरफ्तार किया। पथराव के कारण चार लोग घायल हो गए हैं। अधिकारियों ने कानून-व्यवस्था बहाल करने के लिए तुरंत कार्रवाई की। इस बीच, गांधीनगर में न्यूजीलैंड पर भारतीय टीम की जीत का देर रात जश्न मना रही मोटरसाइकिल रैली के दौरान हिंसा भड़क जाने के मामले में पुलिस ने 11 लोगों को हिरासत में लिया।



पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए तुरंत कार्रवाई करते हुए कई गिरफ्तारियां कीं। इंदौर के जिलाधिकारी आशीष सिंह ने बताया कि महू शहर में विभिन्न स्थानों पर हिंसा की पांच अलग-अलग घटनाओं में चार लोग घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि हिंसा के दौरान कई वाहनों को निशाना बनाया गया, जिसमें कथित तौर पर तीन कारों और कई दोपहिया वाहनों पर हमला किया गया और उन्हें आग के हवाले कर दिया गया। सिंह ने बताया कि स्थिति फिलहाल नियंत्रण में है। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि अधिकारी मामले को गंभीरता से ले रहे हैं। उन्होंने कहा, अब तक 13 लोगों को आगजनी और हिंसा के आरोप में गिरफ्तार किया गया है और एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। हम इसमें शामिल कुछ लोगों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के कड़े प्रावधान भी लगाएंगे। उन्होंने कहा कि बढ़ती अशांति के जवाब में, पुलिस तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और शांति बहाल करने के लिए काम किया। उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया पर अफवाह या गलत सूचना फैलाने से बचने की अपील की और चेतावनी दी कि इस निर्देश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## लोकसभा में कल्याण बनर्जी और कनिमोझि के बीच नोकझोंक

**नयी दिल्ली :** तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी और द्रमुक की नेता कनिमोझि के बीच सोमवार को लोकसभा में उस वक्त तीखी नोकझोंक हुई जब वे मतदाता सूची की कथित विसंगतियों और राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी), 2020 के कार्यान्वयन से जुड़े अपने मुद्दों को उठाने की कोशिश कर रहे थे। नोकझोंक उस समय शुरू हुई जब शून्यकाल के दौरान मतदाता सूची के मुद्दे पर बोलने के लिए बनर्जी खड़े हुए। कनिमोझी सहित द्रमुक के कई सदस्यों ने विरोध करते हुए मांग की कि उनकी पार्टी की सांसद सुमति को एनईपी, 2020 और इसके तीन-भाषा फॉर्मूले के कार्यान्वयन पर उनकी बात रखने की अनुमति दी जाए।

## गुजरात: पिछले दो सालों में जीएसटी चोरी के 17,000 से ज्यादा मामले सामने आए

**गांधीनगर :** गुजरात विधानसभा में सोमवार को राज्य के वित्त मंत्री कनुभाई देसाई ने बताया कि पिछले दो वर्षों के दौरान माल एवं सेवा कर (जीएसटी) चोरी के 17,000 से अधिक मामले सामने आए हैं। वित्त मंत्री कनुभाई देसाई ने कहा कि जनवरी 2025 तक पिछले दो वर्षों में 17,191 मामलों में 2,043.59 करोड़ रुपये की कर चोरी हुई। देसाई, कांग्रेस विधायक इमरान खेड़ावाला के सवाल का जवाब दे रहे थे, जिन्होंने बजट सत्र के दौरान कर चोरी के बारे में सवाल पूछा था। देसाई ने लिखित जवाब में कहा कि जीएसटी अधिनियम के तहत 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और उनके खिलाफ अदालत में शिकायत दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त कर चोरी के लिए आरोपियों और व्यापारियों को आवंटित जीएसटी नंबर भी रद्द कर दिए गए। मंत्री ने संपत्ति और बैंक खातों की जब्ती और 'इनपुट कर' जारी करने पर रोक लगाने जैसे उपायों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने 'डिफॉल्टरों' के खिलाफ पुलिस में शिकायत भी दर्ज कराई है। कांग्रेस विधायक दल के नेता अमित चावड़ा द्वारा उठाए गए एक प्रश्न का उत्तर देते हुए देसाई ने कहा कि गुजरात में 525 वाणिज्यिक संस्थाओं पर प्रत्येक पर एक करोड़ रुपये से अधिक बिक्री कर बकाया है।

## सीतारमण ने मणिपुर के लिए 35,104 करोड़ रुपये का बजट लोकसभा में पेश किया

**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में वर्ष 2025-26 के लिए मणिपुर का बजट पेश किया, जिसमें 35,103.90 करोड़ रुपये के व्यय का अनुमान लगाया गया है। चालू वित्त वर्ष में राज्य के लिए बजटीय आवंटन 32,656.81 करोड़ रुपये था। मणिपुर में वर्तमान में राष्ट्रपति शासन लागू है। कुल प्राप्तियां 35,368.19 करोड़ रुपये होने का अनुमान किया गया है, जो 2024-25 में 32,471.90 करोड़ रुपये थी। दस्तावेजों के अनुसार, मार्च 2025 को समाप्त होने वाले चालू वित्तीय वर्ष में पूंजी परिव्यय 19 प्रतिशत बढ़ाकर 7,773 करोड़ रुपये कर दिया गया है। मणिपुर के बजट में पूंजीगत निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) के तहत 2,000 करोड़ रुपये से अधिक और सामाजिक क्षेत्र परिव्यय के लिए 9,520 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। आंतरिक रूप से विस्थापित व्यक्तियों के लिए राहत और पुनर्वास तथा उन्हें अस्थायी आश्रय उपलब्ध कराने के लिए 15 करोड़ रुपये प्रदान किए गए हैं। विस्थापितों के आवास के लिए 35 करोड़ रुपये, राहत अभियान के लिए 100 करोड़ रुपये और मुआवजे के लिए सात करोड़ रुपये दिए जाएंगे। संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात पुलिस कर्मियों को प्रोत्साहन राशि देने के लिए 2025-26 में 2,866 करोड़ रुपये का बजटीय आवंटन किया गया है।

## देश में पूर्व सैनिकों की विधवाओं की संख्या सात लाख से अधिक: रक्षा राज्य मंत्री सेठ

**नयी दिल्ली :** सरकार ने सोमवार को राज्यसभा में बताया कि 31 दिसंबर 2024 तक देश में पूर्व सैनिकों की विधवाओं की कुल संख्या 7,40,766 थी। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने उच्च सदन में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''31 दिसंबर 2024 तक देश में पूर्व सैनिकों की विधवाओं की कुल संख्या 7,40,766 थी।'' उन्होंने लिखित उत्तर में पूर्व सैनिकों की विधवाओं का राज्यवार आंकड़ा भी साझा किया। साझा किये गए आंकड़ों के अनुसार, पंजाब में पूर्व सैनिकों की 75,821 विधवाएं पंजीकृत हैं जबकि उत्तर प्रदेश में यह संख्या 72,071, केरल में 71,570 और बिहार में 12,558 है। सेठ से यह भी पूछा गया था कि सरकार इन विधवाओं को दी जाने वाली मासिक सहायता में नियमित रूप से संशोधन करती है या नहीं और क्या सरकार ने युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की विधवाओं और सशस्त्र बल कर्मियों के परिवारों के लिए कल्याणकारी उपायों की समीक्षा की है कि नहीं। इसके जवाब में केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''विधवाओं को मासिक सहायता पारिवारिक पेंशन के रूप में प्रदान की जा रही है। वेतन आयोग की सिफारिशों और सरकार द्वारा उनकी स्वीकृति के आधार पर पारिवारिक पेंशन की समीक्षा की जाती है। महंगाई राहत, जिसका समय-समय पर आकलन किया जाता है, के परिणामस्वरूप वितरित राशि में वृद्धि की जा सकती है।'' उन्होंने कहा, ''सरकार युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की विधवाओं और सशस्त्र सैन्य कर्मियों के परिवारों के लिए कल्याणकारी उपायों की समय-समय पर समीक्षा करती है।'' मंत्रालय से यह भी पूछा गया कि युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की विधवाओं को उनकी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर अनुकंपा के आधार पर क्या अन्य रोजगार उपलब्ध कराया गया है।

## आर्सेनिक प्रभावित बस्तियों की संख्या पिछले साढ़े चार वर्षों में 14,020 से घटकर 314 रह गई: सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि जल जीवन मिशन के तहत किए गए प्रयासों से अगस्त 2019 से देश में आर्सेनिक प्रभावित बस्तियों की संख्या 14,020 से घटकर 314 हो गई है। उच्च सदन को प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के जवाब में, जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने बताया ''जल जीवन मिशन के तहत प्रयासों के परिणामस्वरूप, अगस्त 2019 से फरवरी 2025 तक देश में आर्सेनिक प्रभावित बस्तियों की संख्या 14,020 से घटकर 314 हो गई है।'' उन्होंने कहा कि इन शेष बस्तियों को भी सामुदायिक जल शोधक संयंत्रों (सीडब्ल्यूपीपी) के माध्यम से स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया गया है। पाटिल ने कहा कि उपलब्ध जानकारी के अनुसार, वर्ष 2025-26 के लिए जेजेएम के लिए 67,000 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। इस राशि में से 2 प्रतिशत तक का उपयोग राज्य जल गुणवत्ता निगरानी और निगरानी के लिए कर सकते हैं। इसके अलावा, राज्य सरकारों को स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर आवंटित राशि से उपयुक्त परियोजनाएं तैयार और क्रियान्वित करनी हैं।

प्रधानमंत्री मोदी के विजन 'विकसित भारत' के लिए तीन गुना मेहनत का संकल्प

# विकसित भारत के लिए करनी होगी तीन गुना मेहनत : रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव

### राज्य सभा में रेलवे (संशोधन) विधेयक 2025 पारित

**नई दिल्ली :** राज्यसभा ने भारतीय रेल के संचालन को सुव्यवस्थित और आधुनिक बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण विधेयक पारित किया। सदन को संबोधित करते हुए, रेल, संचार और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह विधेयक रेलवे क्षेत्र में सशक्तिकरण, दक्षता में वृद्धि और सहकारी संघवाद को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

मंत्री ने चर्चा में भाग लेने वाले 25 सांसदों का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह विधेयक मौजूदा कानूनों को सरल बनाने के लिए लाया गया है, जिससे राज्य सरकारों की शक्तियां कम नहीं होंगी बल्कि विकेंद्रीकरण को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि रेलवे ज़ोन के महाप्रबंधकों को अब 1,000 करोड़ तक की परियोजनाओं को स्वीकृत करने की पूर्ण स्वतंत्रता दी गई है।

वैष्णव ने यह भी उल्लेख किया कि सरकार द्वारा उन राज्यों में भी रेलवे के लिए पर्याप्त बजट आवंटित किया गया है, जहां सत्ताधारी दल की सरकार नहीं है। केरल, तमिलनाडु, ओडिशा और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों को पूर्व की सरकारों की तुलना में कई गुना अधिक बजट मिला है।

**रेलवे क्षेत्र में प्रमुख सुधार और उपलब्धियां:**

**बुनियादी ढांचा विकास**

* पिछले 11 वर्षों में 34,000 किलोमीटर नई रेलवे पटरियां बिछाई गईं, जो जर्मनी के कुल रेल नेटवर्क से अधिक है।
* 45,000 किलोमीटर रेलवे का विद्युतीकरण पूरा किया गया, जिससे जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता में कमी आई।
* 50,000 किलोमीटर पुरानी पटरियों को नई, उच्च गुणवत्ता वाली पटरियों से बदला गया।

**सुरक्षा सुधार**

* रेलवे सुरक्षा में निवेश बढ़कर 1.14 लाख करोड़ हुआ, जो पिछली सरकारों में केवल 8,000 करोड़ था।
* रेल फ्रैक्चर की घटनाओं में 91% की कमी आई-2013-14 में 2,548 घटनाएं होती थीं, जो अब न्यूनतम स्तर पर पहुंच गई हैं।
* 'कवच' सुरक्षा प्रणाली लागू की गई, जिसे एसआईएल-4 प्रमाणन प्राप्त है, जो रेलवे संचालन के लिए उच्चतम सुरक्षा स्तर सुनिश्चित करता है।

**रोजगार और क्षमता निर्माण**

* एनडीए सरकार के दौरान 5,02,000 नौकरियां दी गईं, जबकि यूपीए शासन में यह संख्या 4,11,000 थी।
* लाखों अभ्यर्थियों की भागीदारी के साथ रेलवे भर्ती परीक्षाएं पारदर्शी रूप से आयोजित की गईं।
* आईजीओटी प्लेटफॉर्म पर रेलवे कर्मचारियों के लिए उन्नत प्रशिक्षण कार्यक्रम लागू किए गए।

**यात्री सुविधाएं और आधुनिकीकरण**

* 3,10,000 आधुनिक शौचालय रेलवे कोचों में स्थापित किए गए, जिससे स्वच्छता मानकों में जबरदस्त सुधार हुआ।
* लोको पायलटों के लिए 558 रनिंग रूम अब पूरी तरह वातानुकूलित हैं।
* नई पीढ़ी के इंजन अत्याधुनिक तकनीक और बेहतर कार्य वातावरण के साथ निर्मित किए जा रहे हैं। वैष्णव ने रेलवे स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन को लेकर उठाई गई चिंताओं पर भी चर्चा की। उन्होंने घोषणा की कि 60 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर पूर्ण एक्सेस कंट्रोल लागू किया जाएगा, जिससे केवल कन्फर्म टिकट वाले यात्रियों को ही प्लेटफॉर्म पर प्रवेश मिलेगा। इसके अलावा, उच्च भीड़भाड़ वाले स्टेशनों पर यात्रियों की अप्रत्याशित संख्या को समायोजित करने के लिए विशेष ट्रेनों की तैनाती की जाएगी।

अपने संबोधन के अंत में, मंत्री ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकसित भारत' के विजन को दोहराया और रेलवे कर्मचारियों और सभी हितधारकों से आग्रह किया कि वे पिछले एक दशक में रखी गई मजबूत नींव पर तीन गुना अधिक मेहनत करें। इस विधेयक का पारित होना भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण के सफर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो यात्रियों के लिए अधिक सुरक्षित, कुशल और सुविधाजनक सेवाएं सुनिश्चित करेगा।

**रेलवे एक्ट 2025 का संक्षिप्त विवरण**

रेलवे बोर्ड की देखरेख में रेलवे अपने जोन, डिवीजन और उत्प-ादन इकाइयों आदि के माध्यम से काम करता है। रेलवे बोर्ड रेलवे संचालन के लिए सभी नीतिगत निर्णय भी लेता है। अब रेलवे संशोधन अधिनियम 2025 बिल औपनिवेशिक काल के प्रावधानों की जगह लेगा। अब रेलवे बोर्ड के प्रावधान रेलवे अधिनियम, 1989 में शामिल किए गए हैं। नए अधिनियम बिल से दो अधिनियमों का संदर्भ कम हो जाएगा। अब केवल एक अधिनियम का संदर्भ देने की आवश्यकता होगी। रेलवे बोर्ड, जोन, डिवीजन, उत्पादन इकाइयों आदि की प्रकृति, दायरा और कार्यप्रणाली वही रहेगी।

* 09 अगस्त, 2024 को यानी 18वीं लोकसभा के पहले सत्र के आखिरी दिन लोकसभा में 'रेलवे (संशोधन) विधेयक, 2024' पेश करने का प्रस्ताव रखा गया।
* 'रेलवे (संशोधन) विधेयक, 2024' (2024 का विधेयक संख्या 113-सी) 11.12.2024 को लोकसभा में पारित हुआ।
* यह विधेयक 10.03.2025 को राज्य सभा की कार्यसूची में मद संख्या 10 के रूप में आया और 'रेलवे (संशोधन) विधेयक, 2025' के रूप में पारित हुआ।

# चैंपियंस ट्रॉफी: आईसीसी की 'टीम ऑफ द टूर्नामेंट' में कोहली समेत छह भारतीय शामिल




**दुबई :** चैंपियंस ट्रॉफी के लिए चुनी गई 'टीम ऑफ द टूर्नामेंट' के 12 सदस्यों में छह भारतीय खिलाड़ी शामिल हैं जिसमें करिश्माई विराट कोहली बड़ा नाम हैं। भारत ने रविवार को यहां फाइनल में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर तीसरी बार यह टूर्नामेंट जीता। भारत ने 2002 (संयुक्त विजेता) और 2017 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती है तथा 2000 और 2017 में दो बार उपविजेता रहा है। कोहली के अलावा श्रेयस अय्यर, विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल, 'मिस्ट्री' स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अंतिम एकादश में शामिल हैं जबकि ऑलराउंडर अक्षर पटेल को 12वां खिलाड़ी चुना गया है। न्यूजीलैंड की टीम के चार सदस्य भी टीम में हैं जिसमें 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' रचिन रविंद्र भी शामिल हैं जबकि मिचेल सेंटनर को कप्तान बनाया गया है। अफगानिस्तान के दो खिलाड़ियों ने भी टीम में जगह बनाई है क्योंकि एशियाई देश ने अपने पदार्पण मैच में ही आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी का अपना पहला मैच जीत लिया है। शीर्ष क्रम में रचिन रविंद्र का चयन अपेक्षित था क्योंकि उन्होंने दो शतक बनाए और 263 रन बनाकर रन बनाने वाली सूची में शीर्ष पर रहे। रचिन रविंद्र के साथ शीर्ष क्रम में इब्राहिम जादरान शामिल हुए। अफगानिस्तान के 23 वर्षीय खिलाड़ी ने टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ी और ग्रुप चरण में इंग्लैंड के खिलाफ 177 रन की शानदार पारी खेली जो चैंपियंस ट्रॉफी का अब तक का सर्वोच्च स्कोर है। भारत के कोहली 54.50 के औसत से 218 रन बनाकर रन बनाने वाली सूची में पांचवें स्थान पर रहने के बाद टीम में तीसरे नंबर पर हैं।

## स्वास्थ्य मंत्रालय ने आईपीएल से शराब और तंबाकू के विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने को कहा

**नयी दिल्ली :** स्वास्थ्य मंत्रालय ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को 22 मार्च से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के दौरान 'सरोगेट' विज्ञापनों सहित सभी प्रकार के तंबाकू और शराब के प्रचार पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक अतुल गोयल ने आईपीएल अध्यक्ष अरुण धूमल को लिखे पत्र में कहा कि क्रिकेट खिलाड़ी भारत के युवाओं के लिए आदर्श हैं। उन्हें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी प्रकार के तंबाकू या शराब के विज्ञापन से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। गोयल ने लिखा, 'आईपीएल को सरोगेट विज्ञापनों सहित तंबाकू और शराब से जुड़े सभी प्रकार के विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने वाले नियमों को सख्ती से लागू करना चाहिए। स्टेडियम के अंदर और राष्ट्रीय टेलीविजन पर प्रसारण के दौरान भी इस तरह के विज्ञापन नहीं दिखाए जाने चाहिए। प्रतियोगिता के दौरान और खेल सुविधा में तंबाकू और शराब के उत्पादों की बिक्री नहीं होनी चाहिए।' पत्र में कहा गया है, 'उन खिलाड़ियों (कमेंटेटरों सहित) को हत-ोत्साहित करें जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से शराब या तंबाकू से जुड़े उत्पादों का समर्थन करते हैं।' आईपीएल के दौरान अधिकतर भारतीय क्रिकेट प्रेमी टेलीविजन पर इसका आनंद उठाते हैं और इसलिए यह टूर्नामेंट विज्ञापनदाताओं का पसंदीदा बन जाता है।

## अगर आप मैदान नहीं छोड़ते, तो आपके पास मौका होता है: पंड्या



**दुबई :** हार्दिक पंड्या को जसप्रीत बुमराह की अनुप-स्थिति में चैंपियन्स ट्रॉफी में नई गेंद से गेंदबाजी की जिम्मेदारी संभालनी पड़ी और इस ऑलराउंडर ने कहा कि उनकी संघर्ष करने की स्वाभाविक क्षमताओं ने उन्हें नई भूमिका में ढलने में मदद की। हालांकि टूर्नामेंट में पंड्या पर अधिक भार नहीं रहा क्योंकि भारत ने मुख्य रूप से चार स्पिनरों के साथ गेंदबाजी की। पंड्या ने पांच मैच में सिर्फ 24.3 ओवर गेंदबाजी की और चार विकेट लिए। पंड्य ने भारत की खिताबी जीत के बाद मिक्स्ड जोन में कहा, 'गेंदबाजी अपना काम खुद करती है। यह साल सीखने और चुनौतियों से भरा रहा। मेरी मानसिकता ने मुझे कभी चुनौतियों से भागना नहीं सिखाया। मेरा हमेशा से मानना रहा है कि अगर चुनौतियां कठिन हैं तो इसका डटकर सामना करो।' उन्होंने कहा, 'अगर आप मैदान नहीं छोड़ते हैं, तो आपके पास मौका होता है।' पंड्या ने कहा कि वह बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे हमेशा खुद पर भरोसा रहा है कि मैं यह कर सकता हूं। और साथ ही पर्दे के पीछे की गई कड़ी मेहनत रंग लाती है। मेरा हमेशा मानना है कि आप जिस तरह से तैयारी करते हैं, आप उसे खेल में भी दिखा पाएंगे।' अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में जीत ने पंड्या को 2017 के टूर्नामेंट में पाकिस्तान से भारत की हार की कड़वी यादों को मिटाने में भी मदद की जिसका वह भी हिस्सा थे। पंड्या ने कहा, 'मैं कह सकता हूं कि आज एक अधूरा सपना पूरा हो गया। लेकिन आठ साल बहुत लंबा समय होता है। आठ साल में जीवन में बहुत कुछ हुआ। लेकिन साथ ही जीतना, और वह भी भारत के लिए, मेरे लिए यह बहुत-बहुत महत्वपूर्ण है।'

## सुकांत, नितेश ने स्पेनिश पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2025 प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीते



**नयी दिल्ली :** पेरिस पैरालंपिक चैंपियन कुमार नितेश और सुकांत कदम ने भारत को स्पेन के विटोरिया में स्पेनिश पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2025 (दो) में क्रमशः एसएल3 और एसएल4 वर्गों में स्वर्ण पदक दिलाए। नितेश ने एसएल3 वर्ग के फाइनल में जापान के डेसुके फुजिहारा पर 21-19 21-19 से जीत दर्ज की जबकि सुकांत ने रविवार को एसएल4 वर्ग में हमवतन भारतीय तरुण को 21-13 21-10 से हराया। एसएच6 वर्ग में नित्याश्रे ने पोलैंड के स्जमिगेल को फाइनल में हराकर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। पुरुष युगल में नितेश कुमार और तरुण ने भारत के जगदीश दिल्ली और नवीन शिवकुमार को 21-14, 23-25, 22-20 से हराया। मिश्रित युगल स्पर्धाओं में भी भारत ने अच्छा प्रदर्शन किया। कृष्णा नागर और नित्याश्रे ने इंग्लैंड के शेफर्ड और चूंग को 21-14, 21-11 से हराकर एसएच6 श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता। नितेश कुमार ने मनीषा रामदास के साथ मिलकर एसएल3-एसयू5 श्रेणी में भारत के खाते में एक और स्वर्ण पदक डाला। उन्होंने स्वीडन के रिकड निल्सन और डेनमार्क की हेलो सोफी सागोय को 21-9, 21-15 से हराया। अल्फिया जेम्स ने महिला एकल फाइनल में स्विट्जरलैंड की इलारिया ओल्गियाती को कड़ी टक्कर दी लेकिन उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

## 2027 विश्व कप खेलूंगा या नहीं, इस पर बयान देने का कोई मतलब नहीं: रोहित



**दुबई :** रोहित शर्मा जल्द ही वनडे क्रिकेट से संन्यास नहीं ले रहे हैं लेकिन वह बहुत आगे के बारे में सोचकर 2027 विश्व कप खेलने की प्रतिबद्धता नहीं देना चाहते हैं क्योंकि ट्रॉफियों की उनकी अलमारी में आईसीसी का सिर्फ यही खिताब मौजूद नहीं है। रोहित ने रविवार को यहां चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 76 रन की विजयी पारी खेलकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने अपने संन्यास की अटकलों को खारिज कर दिया और कहा कि किसी को 'अफवाहें नहीं फैलानी चाहिए।' हालांकि 'जियो हॉटस्टार' से बात करते हुए भारतीय कप्तान ने दक्षिण अफ्रीका में होने वाले अगले आईसीसी 50 ओवर के टूर्नामेंट में खेलने के बारे में कोई प्रतिबद्धता नहीं जताई। रोहित ने फाइनल के बाद कहा, 'फिलहाल मैं चीजों को वैसे ही ले रहा हूं जैसे वे आ रही हैं। मेरे लिए बहुत आगे के बारे में सोचना उचित नहीं होगा। इस समय मेरा ध्यान अच्छा खेलने और सही मानसिकता बनाए रखने पर है। मैं कोई सीमा नहीं खींचना चाहता और यह नहीं कहना चाहता कि मैं 2027 विश्व कप में खेलूंगा या नहीं। अभी इस तरह के बयान देने का कोई मतलब नहीं है।' उन्होंने कहा, 'मैंने हमेशा अपने करियर में एक एक कदम आगे बढ़ाया है। मुझे भविष्य के बारे में बहुत दूर तक सोचना पसंद नहीं है और मैंने अतीत में भी ऐसा नहीं किया है।

## राष्ट्रमंडल खेल महासंघ ने अपना नाम बदलकर राष्ट्रमंडल खेल किया

**लंदन :** राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) ने सोमवार को अपना नाम बदलकर राष्ट्रमंडल खेल कर लिया और कहा कि यह संचालन संस्था से एक 'आंदोलन' बनने का बदलाव है। नाम बदलने के फैसले की घोषणा 10 मार्च को राष्ट्रमंडल दिवस के मौके पर की गई। राष्ट्रमंडल खेल और राष्ट्रमंडल युवा खेलों की संचालन संस्था ने एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा, 'राष्ट्रमंडल दिवस 2025 से राष्ट्रमंडल खेल महासंघ को राष्ट्रमंडल खेल के नाम से जाना जाएगा।' विज्ञप्ति के अनुसार, 'राष्ट्रमंडल खेल महासंघ अपना सार्वजनिक ब्रांड नाम बदलकर राष्ट्रमंडल खेल कर रहा है। यह ब्रांड विकास संगठन के 'खेल महासंघ' से 'खेल आंदोलन' में परिवर्तन को दर्शाता है।' राष्ट्रमंडल खेल की सीईओ कैटी सेडलियर ने कहा, 'ब्रांड नाम राष्ट्रमंडल खेल एक मजबूत, अधिक एकीकृत उद्देश्य को दर्शाता है जो हमारे दर्शकों के साथ गहरे स्तर पर जुड़ता है।'' 'राष्ट्रमंडल खेल महासंघ' को केवल कानूनी इकाई के नाम के रूप में रखा जाएगा। इस बीच राष्ट्रमंडल खेल के संरक्षक किंग चार्ल्स सोमवार को राष्ट्रमंडल दिवस पर बकिंघम पैलेस में ग्लास्गो 2026 राष्ट्रमंडल खेलों के लिए राष्ट्रमंडल खेल किंग्स बेटन (मशाल) रिले का आधिकारिक रूप से शुभारंभ करेंगे।




Student Friendly
SHREE AGRASAIN COLLEGE
Affiliated to University of Calcutta
5/2A, Height Road, Liluah, Howrah-711204 • www.Shreeagrasaincollege.net

Things end but...
Memories last for ever



Smt. Bimla Shroff
Founder Trustee

श्रद्धांजलि

Smt. Bimla Shroff's motto
"Higher Education is the Right of Every Student"
and we are onway to fullfil her dreams by awarding
"Smt. Bimla Shroff Scholarship"
to needy and meritorious students of our college.

The Trustee, Governing Body Members, Teaching and Non-Teaching Staff, Students and Well-Wishers of Shree Agrasain College pay homage to Smt. Bimla Shroff, the Founder Trustee and the lady behind the establishment of the College, who left us for heavenly abode on 11 March, 2016.

वर्ष 9, पूर्णांक 4173 अंक 323, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in